इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -204 | राजनांदगांव, मंगलवार 11 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166



## बलौदाबाजार में सतनामी समाज का हिंसक प्रदर्शन, कलेक्टोरेट में की तोड़फोड़, आगजनी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सतनामी समुदाय के प्रदर्शन के दौरान सोमवार को जमकर बवाल हो गया। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़ी अधिकारियों की गाड़ियों में तोड़फोड़ की, बल्कि कलेक्ट्रेट, तहसील और जिला पंचायत कार्यालय में भी आग लगा दी। इस बवाल के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी दिया। प्रदर्शनकारियों को रोकने में पुलिस नाकाम रही। बता दें कि करीब तीन से चार हजार की संख्या में सतनामी समाज के लोग पहुंचे हुए थे। हालात लगातार बिगड़ने पर राजधानी से भी बड़ी संख्या में फोर्स मौके पर भेजे गए हैं।

### इसलिए बिगड़े हालात

पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लोगों का आरोप है कि पकड़े गए लोग असली आरोपित नहीं हैं। समाज के लोगों द्वारा स्थानीय पुलिस पर असली दोषियों को बचाने का आरोप लगा रहे। बताया जा रहा है कि सोमवार को प्रदर्शन के दौरान लोग इसी बात को लेकर आक्रोशित हो गए और हालात बिगड़ते चले गए।



### अपनी जान बचाकर भागे पुलिसकर्मी

पथराव के दौरान पुलिसकर्मी खुद की जान बचाकर कार्यालयों में छिपे रहे। बताया जा रहा है कि भीड़ उग्र हो रही थी, लेकिन लाठीचार्ज के आदेश नहीं मिले। इसके चलते पुलिसकर्मियों को वहां से भागना पड़ा।

बता दें कि जैतखाम छत्तीसगढ़ की बोली भाषा का शब्द है। जैत यानी जय और खाम यानी खंभा, जैतखाम मूलरूप से सतनामी पंथ के ध्वज का नाम है जो उनके संप्रदाय का प्रतीक है। आमतौर पर सतनाम समुदाय के लोग मोहल्ले या गांव में किसी चबूतरे या प्रमुख स्थल पर खंभे में सफेद झंडा लगाते हैं। छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा जैतखाम गिरौधपुरी में है। इसकी ऊंचाई 77 मीटर है यह कुतुब मीनार से भी ऊंचा हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### दमकल की गाड़ियों में भी की तोड़फोड़

बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारी इमारतों पर चढ़ गए और जमकर उत्पात मचाया। आगजनी की खबर पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची तो दमकल वाहनों में भी हमला बोल दिया गया। इस दौरान दमकल गाड़ियों में तोड़फोड़ करते हुए कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

### डिप्टी सीएम ने न्यायिक जांच की थी घोषणा

रविवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जैतखाम में हुई तोड़फोड़ मामले की न्यायिक जांच कराने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रदेश में कहीं भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील भी की थी। बावजूद इसके सोमवार को समाज द्वारा प्रदर्शन उग्र हो गया और ये बड़ी घटना हो गई।

## एनडीए सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में विभागों का बंटवारा



**जेपी नड्डा को मिला स्वास्थ्य मंत्रालय, गड़करी रिपीट तो शिवराज, खट्टर को मिली बड़ी जिम्मेदारी**

नईदिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है।नागपुर से सांसद नितिन गडकरी को फिर से सड़क परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। अमित शाह को दोबारा गृह, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय और एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय सौंपा गया है।मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और रसायन और उर्वरक मंत्री बनाया गया है। इससे पहले वे 2014 में भी मंत्री बनाए गए थे।निर्मला सीतारमण पर बतौर वित्त मंत्री दोबारा भरोसा जताया गया है।हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आवास और शहरी मामलों के मंत्री और बिजली मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री और पीयूष गोयल को वाणिज्य और उद्योग मंत्री नियुक्त किया गया है।

एचडी कुमारस्वामी को भारी उद्योग और स्टील मंत्रालय, जीतन राम मांझी को सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय, अश्विनी वैष्णव को रेल, आईटी, सूचना एवं प्रसारण, ज्योतिरादित्य सिंधिया को टेलीकॉम और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास का मंत्रालय, भूपेंद्र यादव को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, गजेंद्र सिंह शेखावत को कला पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मनमानी फीस को लेकर आयोग सख्त, निजी स्कूलों को बाहर बोर्ड लगाकर बतानी होगी फीस, आदेश जारी



रायपुर। अब निजी स्कूल मनमानी तरीके से फीस वसूल नहीं कर सकेंगे। उन्हें स्कूलों के बाहर 4×8 फीट का बोर्ड लगाकर फीस की जानकारी प्रदर्शित करनी होगी। इसके अलावा वेबसाइट पर भी जानकारी अपलोड करनी होगी। इसे लेकर बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने आदेश जारी कर दिया है। आयोग ने सख्त रवैया अपनाते हुए सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा है कि निजी स्कूलों की फीस की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए।

गौरतलब है कि प्रदेश में निजी स्कूलों की फीस को लेकर कई तरीके की शिकायत हर साल आती है। किसी न किसी बहाने से कई निजी स्कूल के संचालक मनमानी फीस लागू कर देते हैं। इससे विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। अब जारी आदेश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ अशासकीय फीस विनियमन और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार फीस तय होगी। उसी के मुताबिक स्कूल अपनी फीस बढ़ा सकते हैं।

### 20 जून तक मांगी गई है जानकारी

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्राइवेट स्कूलों को 20 जून तक फीस की सूची मांगी है। इसमें यह भी कहा गया है कि तय मानक के अनुसार ही फीस की बढ़ोतरी करनी होगी। तय की गई कक्षावार फीस में प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से छूट देने और अन्य नाम से फीस लेने का अधिकार नहीं होगा। प्रवेश या बच्चों के शाला ट्रांसफर करने की प्रक्रिया में भी पालकों से मनमाने फीस वसूली न की जाए।

### इस कारण से फीस को लेकर है दिक्कत

आयोग के पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूलों में फीस विनियमन कानून के अनुसार स्कूल फीस समिति में जागरूक और निष्पक्ष अभिभावकों को शामिल नहीं करने, आय-व्यय से संबंधित जानकारी सार्वजनिक नहीं करने और जिला फीस समिति की नियमित बैठक नहीं करने की वजह से प्रथम बार की उपयुक्त फीस का निर्धारण नहीं हो पाया है।

## एक्शन मोड में नरेंद्र मोदी, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही लिया पहला फैसला, किसानों को खटाखट कर दिया खुश

**○ नरेंद्र मोदी ने पीएम पद संभालने के बाद सोमवार को अपना पहला आदेश जारी किया**
**○ पीएम मोदी ने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी दी, इससे 9 करोड़ से अधिक किसानों को करीब 20000 करोड़ रुपये बांटे जाएंगे**



नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद ही तुरंत एक्शन में आ गए हैं. सोमवार सुबह प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाला और अपना पहला आदेश जारी किया, उन्होंने जिस पहली फाइल पर साइन किया, वह किसानों को खुश करने वाला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी दी, इससे 9 करोड़ से अधिक किसानों को फायदा होगा और करीब 20000 करोड रुपए बांटे जाएंगे। इस फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालते ही सबसे पहली फाइल किसान कल्याण से जुड़ी हो, हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं.'

## युवराज का जिद्दी होना बिहार में पड़ा भारी.., पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव पर कसा तंज



नई दिल्ली। पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय विजेता उम्मीदवार पप्पू यादव ने बिहार में महागठबंधन की हार की वजह तेजस्वी यादव को बताया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर, युवराज कम जिद्दी होते, तो बिहार में महागठबंधन अधिक सीट जीत जाता। पप्पू यादव ने कहा कि मैंने प्रियंका गांधी से मुलाकात की और बिहार में आइएनडीआइए गठबंधन के प्रदर्शन पर चर्चा की। अगर, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के अधिक रोड शो होते और हमारे युवराज (तेजस्वी यादव) कम जिद्दी होते, तो हम अधिक सीटें जीत सकते थे।

## राहुल की राह में रोड़ा बने लालू



**○ नीतीश के साथ छोड़ने से बिगड़ा इंडिया ब्लॉक का खेल**
**○ चंद्रबाबू को किनारे करना भी पड़ा महंगा**

पटना। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेते देख इंडिया ब्लॉक के नेताओं के सीने पर यकीनन सांप लोट गया होगा। खासकर कांग्रेस के हाथ आया एक बड़ा अवसर निकल गया।

एनडीए में सब कुछ ठीक रहा तो कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को अब पांच साल बाद ही ऐसा मौका मिलेगा। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत न मिलने की स्थिति में अनुमान लगाया जा रहा था कि इंडिया ब्लॉक परिस्थितियों को अपने अनुकूल ढालने में कामयाब हो जाएगा। इसके लिए उसने कोशिशें भी कीं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को उनके करीबी विपक्षी नेताओं ने अभियान में शामिल किया। पहली बैठक भी ममता बनर्जी की सलाह पर नीतीश ने पटना में रखी। नीतीश के प्रयास की खासियत यह रही कि उन्होंने कांग्रेस से खार खाए दो नेताओं को एक टेबल पर बैठने के लिए राजी कर लिया। उनमें एक दिल्ली के सीएम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## स्मृति इरानी समेत 37 पूर्व मंत्रियों को मोदी की नई 'टीम 72' में नहीं मिली जगह



नई दिल्ली। स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर और नारायण राणे समेत पूर्ववर्ती सरकार के 37 मंत्रियों को रविवार को शपथ लेने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नई मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं किया गया है। पुरुषोत्तम रुपाला, अर्जुन मुंडा, आर.के. सिंह और महेंद्रनाथ पांडे मोदी के दूसरे कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री थे, लेकिन उन्हें नई मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं किया गया।

तीनों स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों को बरकरार रखा गया है जबकि पिछली सरकार के 42 राज्य मंत्रियों में से 30 को इस बार हटा दिया गया है। जिन नेताओं को मंत्रिपरिषद में दोबारा शामिल नहीं किया गया है, उनमें वी के सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते, अश्विनी चौबे, रावसाहेब दानवे, साध्वी निरंजन ज्योति, संजीव बालियान, राजीव चंद्रशेखर, सुभाष सरकार, निसिथ प्रमाणिक, राजकुमार रंजन सिंह और प्रतिमा भौमिक शामिल हैं। मीनाक्षी लेखी, मुंजापारा महेंद्रभाई, अजय कुमार मिश्रा, कैलाश चौधरी, कपिल मोरेश्वर पाटिल, भारती प्रवीण पवार, कौशल किशोर, भगवंत खुबा और वी. मुरलीधरन को भी मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं किया गया है. नई मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं किए गए इन मंत्रियों में से 18 चुनाव हार गए हैं. एल. मुरुगन पिछली सरकार के एकमात्र ऐसे राज्य मंत्री हैं जो चुनाव हार गए थे, लेकिन उन्हें बरकरार रखा गया है. वे पहले से ही राज्यसभा के सदस्य हैं।

मोदी सरकार के दोनों कार्यकालों में कैबिनेट मंत्री रहीं स्मृति ईरानी अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सहयोगी किशोरी लाल शर्मा से 1.69 लाख से अधिक मतों के अंतर से चुनाव हार गईं, ईरानी पहले कार्यकाल में मानव संसाधन विकास मंत्री और कपड़ा मंत्री थीं जबकि मोदी के दूसरे कार्यकाल में उन्होंने महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों का विभाग संभाला था। पुरुषोत्तम रुपाला पिछली सरकार में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मामलों के मंत्री थे, रुपाला ने गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से लगभग पांच लाख मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की।

मत्स्य पालन मंत्रालय में उनके सहयोगी संजीव कुमार बालियान को भी हटा दिया गया है, मुजफ्फरनगर से दो बार सांसद रहे बालियान इस बार 24,000 से अधिक मतों से चुनाव हार गये थे। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार जीतने वाले अनुराग ठाकुर ने मोदी के दूसरे कार्यकाल में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय दोनों विभाग संभाले थे, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री रहे नारायण राणे ने रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की है। यह पहली बार है जब भाजपा ने तटीय कोंकण क्षेत्र में संसदीय सीट जीती है यह शिवसेना (अविभाजित) का पारंपरिक गढ़ रहा है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री राणे 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए और उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया। यह उनका पहला लोकसभा चुनाव था।

## आचार संहिता के खत्म होते ही 16 एनकाउंटर, दो बदमाश ढेर और 14 घायल

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही पुलिस की कार्रवाई में तेजी आई है। चुनाव आयोग द्वारा लागू आचार संहिता के खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विभागों से कामकाज में गति लाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में यूपी पुलिस ने भी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

पिछले चार दिनों में पुलिस की 16 मुठभेड़ों में दो अपराधी मारे गए, जबकि 14 अन्य घायल हुए। मारे गए अपराधियों में से एक पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या का आरोपी था, जबकि दूसरा बिहार का कुख्यात वांछित अपराधी निलेश राय था। इन एनकाउंटर्स के अलावा, पुलिस ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले 16 पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

***643 हेड कांस्टेबल बनेंगे दरोगा-*** इसके अलावा आचार संहिता के कारण रुकी हुई पदोन्नतियों पर भी कार्रवाई की गई है। गृह विभाग ने 53 अपर पुलिस अधीक्षकों को वरिष्ठ वेतनमान में पदोन्नत किया है, जबकि पुलिस महानिदेशक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## धर्माचार्यों व व्यासपीठ के अनादर से भाजपा को अयोध्या में मिली हार



**शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने पीएम-सीएम पर साधा निशाना**

उत्तर प्रदेश। पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा का शास्त्रीय नियम व परंपरा होती है। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान उसकी अनदेखी की गई। प्रधानमंत्री ने कहीं भी शास्त्रीय परंपरा का पालन नहीं किया सिर्फ उसके प्रचार-प्रसार में जोर रहा। यही कारण है कि भाजपा को अयोध्या में पराजय मिली। देश के विभिन्न प्रदेशों में उन्हें अपेक्षा के अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुआ।

### झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम पहुंचे पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य जगद्गुरू स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने लोकसभा चुनाव परिणाम का उल्लेख करते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। सात दिवसीय प्रवास पर शनिवार की सुबह झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम पहुंचे शंकराचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा करके सोचा था कि उनकी तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बन जाएगी, लेकिन वैसा हुआ नहीं। इसके पीछे धर्माचार्यों व व्यासपीठ का अनादर करना प्रमुख कारण है।

उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा शास्त्रीय नियम व परंपरा होती है। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान उसकी अनदेखी की गई। प्रधानमंत्री ने कहीं भी शास्त्रीय परंपरा का पालन नहीं किया, सिर्फ उसके प्रचार-प्रसार में जोर रहा। यही कारण है कि भाजपा को अयोध्या में पराजय मिली, देश के विभिन्न प्रदेशों में उन्हें अपेक्षा के अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुआ।

कहा कि संत किसी का अहित नहीं चाहते, लेकिन उनकी वाणी का असर होता है। स्पष्ट बहुमत न मिलने पर केंद्र में मिलीजुली सरकार बनेगी। राजनीति में तोड़फोड़ होती रहती है, लेकिन बीच में व्यवधान भी आ सकता है।

आगे बोले, नरेन्द्र मोदी व योगी आदित्यनाथ अंहकार की पराकाष्ठा पार करके धर्मगुरुओं की उपेक्षा कर रहे हैं। एक स्वयंभू शंकराचार्य को देश-विदेश में घुमाया जा रहा है। यह मान्य पीठ के शंकराचार्यों के लिए अपमान का विषय है। इस अवसर पर प्रफुल्ल ब्रह्मचारी, ॠषिकेश ब्रह्मचारी, रामकैलाश पांडेय, आशुतोष सिंह, प्रतीक त्यागी आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के शपथग्रहण के बाद साय मंत्रिमंडल में बदलाव की संभावना तेज



**युवा चेहरों को मिलेगी प्राथमिकता**

रायपुर। लोकसभा चुनाव परिणाम व नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अब छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल में बदलाव की संभावना तेज हो गई है। साय मंत्रिमंडल में युवा चेहरों को प्राथमिकता दिए जाने की तैयारी है। लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह केंद्रीय मंत्रिमंडल में प्रदेश के सांसदों के प्रतिनिधित्व की संभावना जताई जा रही थी।

वैसे प्रतिनिधित्व को नहीं मिला, लेकिन साय मंत्रिमंडल में जरूर दो नए मंत्रियों की संभावना बढ़ गई है। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद यह तय हो गया है कि रायपुर-दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा की जिम्मेदारी संभालेंगे और उनकी मंत्री की सीट रिक्त होगी।

इसके अलावा साय सरकार के मंत्रिमंडल में अभी भी 13वां मंत्री पद रिक्त है। ऐसे में दो विधायकों को मंत्री बनने का मौका मिल सकता है। नईदिल्ली से लौटने के बाद प्रदेश में मंत्रिमंडल की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। साय मंत्रिमंडल में जिन विधायकों के नाम लिए जा रहे हैं, उनमें रायपुर संभाग से पूर्व मंत्री व रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, विधायक अनुज शर्मा, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, आरंग के विधायक खुशवंत साहेब का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। दुर्ग संभाग से विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, बिलासपुर संभाग से विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल और बस्तर संभाग से विधायक महेश कश्यप भी संभावित चेहरों में बताएं जा रहे हैं।

# पार्रीकला में रेत का अवैध भंडारण व मुरूम तस्करी से भड़के ग्राम वासी

**माइनिंग विभाग ने अवैध डम्प रेत पर की कार्रवाई, आज कलेक्टर व एसपी से मिल कर ग्रामवासी सौंपेगे ज्ञापन**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के निकटस्थ ग्राम पार्रीकला में इन दिनों धडल्ले से जारी मुरूम तस्करी व अवैध रेत के भंडारण से ग्रामवासी काफी भड़के हुए है। और गांव के विभिन्न स्थानों की खुदाई कर मुरूम व मिट्टी को निकालकर बेचने वाले तथा बगैर रायल्टी दिए रेत का जगह-जगह डम्प कर के रखने वाले ग्राम व्यक्ति के खिलाफ ग्रामवासियों ने मोर्चा खोल दिए है।

बताया जाता है कि रमेश चन्द्राकर उर्फ पप्पू नामक उक्त व्यक्ति जो बीजेपी ग्रामीण का महामंत्री है जिसके द्वारा उक्त अवैध कार्य किया जा रहा है। उन्होंने तकरीबन 90 हाइवा रेत विभिन्न स्थानों में डम्प कर रखी है जिस पर माईनिंग विभाग ने कार्रवाई की है। ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि ज्ञानदास रामटेके, ग्राम पटेल ज्ञानदास मानिकपुरी, ग्राम विकास समिति के रोहित सार्वा पंच अरूण अम्बिलकर, देवी सोनकर, मनोज पाल आदि ने बताया कि रमेश चन्द्राकर उर्फ पप्पू को उसके इस गलत काम पर टोके जाने पर लोगों को अपने पद का धौंस देकर लोगों को डराने-धमकाने का काम करता है। उस व्यक्ति ने रेल्वे नाला के पास की जमीन की मिट्टी को खोद कर बेच दिया। इस सम्बंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद में कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामवासियों ने बताया कि रमेश चन्द्राकर द्वारा गांव से होकर रेल्वे माल गोदाम के लिए बनाए जा रहे सड़क में भी हस्तेक्षप कर अपना उल्लु सीधा किया है। और सड़क की चौड़ाई न केवल कम करवा दी अपितु गुणवत्ता को भी प्रभावित करवा दिया है। इसमें भी ग्रामवासी काफी आक्रोशित है।

### बीजेपी से हटाए जाने की मांग

आक्रोशित ग्रामवासियों ने न केवल उक्त बीजेपी ग्रामीण महामंत्री को भाजपा से हटाए जाने की मांग की है वही आज मंगलवार को पूरे ग्रामवासी उक्त अवैध कारोबार करने वाले रमेश चन्द्राकर उर्फ पप्पू के खिलाफ कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपने का मन बना लिया है। पार्रीकला ग्राम वासी आज कलेक्टर कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में धावा बोलने वाले है जहां उक्त व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई व गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

# निगम के राजस्व कार्यालय में दुकानों के अनुबंध कराने, किराये जमा करने प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को शिविर

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित निगम स्वामित्व की विधिवत आबंटित दुकानों तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों का आबंटन पश्चात अनुबंध नही कराने तथा किराया जमा नहीं करने वालों के लिये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को निगम के राजस्व कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### शिविर में दुकानों का अनुबंध एवं किराया जमा कराया जावेगा

उल्लेखनीय है कि निगम सीमाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों में नगर निगम द्वारा दुकानों का निर्माण किया गया है, जिसे विधिवत प्रक्रिया कर नीलामी के माध्यम से उच्चतम बोलीकर्ताओं को आबंटित किया गया है, कुछ दुकानदारों के द्वारा नीलामी उपरांत अनुबंध नहीं कराया गया है, और न ही किराया जमा किया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित दुकाने जिन्हें विधिवत आबंटित किया गया है, उनका भी अनुबंध नहीं हुआ है, जिसे ध्यान में रखकर आबंटितों की सुविधा के लिये आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर निगम के राजस्व कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को शिविर लगाया जावेगा। जिसमें आबंटित अनुबंध करा किराया जमा कर सकते है।

इस संबंध में उपायुक्त मोबिन अली ने बताया कि निगम स्वामित्व की दुकानों के अनुबंध के लिये आवश्यक दस्तावेज में भुगतान किये गये प्रीमियम की रसीद की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटो, दो गवाह आधार कार्ड की प्रति लेकर उपस्थित होना है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों के अनुबंध के लिये, 8 सौ रूपये का स्टॉम्प, 8 हजार रूपये की रसीद, आधार कार्ड की प्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटो, दो गवाह, आधार कार्ड की प्रति लेकर अनुबंध करा किराया जमा कर सकते है। उन्होंने निगम स्वामित्व की दुकानों के अनुबंध नही कराने वाले दुकानदारों तथा स्वावलंबन योजना के आबंटितों से सोमवार व मंगलवार को उपस्थित होकर अनुबंध करा किराया जमा करने की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### कलेक्टर ने अनन्य अग्रवाल को जेईई एडवांस में 261 रैंक लाने पर प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टर कक्ष में ऑल इंडिया जेईई एडवांस में 261 रैंक लाने पर अनन्य अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अनन्य को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अनन्य अग्रवाल ने अपनी इस उपलब्धि से जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि अनन्य अग्रवाल राजनांदगांव शहर के किराना व्यापारी ओमप्रकाश अग्रवाल एवं श्रीमती दीप्ति अग्रवाल के पुत्र हैं। अनन्य ने बताया कि वे राजनांदगांव के निजी स्कूल से 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने नागपुर के निजी कोचिंग सेंटर से जेईई की कोचिंग की और प्रथम प्रयास में ही जेईई एडवांस उत्तीर्ण किया। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने भी उन्हें इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर सहायक संचालक आदित्य खरे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितिन हिरवानी, परीक्षा प्रभारी शिक्षा विभाग अभिषेक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### प्राक्चयन परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**1405 परीक्षार्थी हुए शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2024-25 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई।

प्राक्चयन परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव में 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा में कुल 1405 परीक्षार्थी उपस्थित हुए एवं 145 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों में पेयजल सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की गई थी। सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा का संचालन शांतिपूर्णक संपन्न हुआ।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 18 एवं 19 जून को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 18 एवं 19 जून को सुबह 9.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है।

प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जीनस पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जयपुर राजस्थान द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। वर्ष 2017 से 2023 तक शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2022-24 व 2023-24 के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र (10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेनकार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं।

# बसंतपुर पुलिस द्वारा लूट के आरोपी को किया गिरफतार

**राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में हुए एक लूट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम राजेन्द्र राजपुत पिता स्व. भगत सिंह उम्र 28 साल निवासी दुर्गा चौक बताया जाता है।**




महज 02 घंटे के भीतर गिरफ्तार किये गए आरोपी से संबंधित मामले के संबंध में बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि आरोपी राजेंद्र के पास से प्रार्थी का ओप्पो टच स्क्रीन मोबाईल जिसमें जिओ कंपनी का सिम लगा हुआ, तथा मोबाईल के पीछे कव्हर के अंदर रखा हुआ रकम 2000 रूपये बरामद एवं लूट की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त स्कुटी क्रमांक सीजी08 एआर 4964 को जप्त किया गया है।

इस संबंध में उन्होंने बताया कि दिनांक 09 जून को प्रार्थी हितेश कुमार साहू पिता स्व. शुभलाल साहू उम्र 24 साल ग्राम जेवरतला, देवरी जिला बालोद अपने ई-रिक्शा क्रमांक सीजी08 यूएस 4099 से मोहारा बायपास से होते हुए जेवरतला जा रहा था वह जैसे ही खंडेलवाल पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था तभी उसी समय एक्टिवा स्कूटी में सवार एक महिला व एक पुरूष मिले, उक्त एक्टिवा स्कुटी को पुरूष चला रहा था, जो अपनी एक्टिवा स्कुटी को प्रार्थी के ई-रिक्शा के सामने खडे कर प्रार्थी से जबरदस्ती हाथ-मुक्का से मारपीट की और मॉ-बहन की गंदी-गंदी गाली देते हुए प्रार्थी के पेंट के जेब में रखे ओप्पो टच स्क्रीन मोबाईल जिसमें जिओ कंपनी का सिम नं. 9244705099 लगा था एवं नगदी 2000 रूपये जिसमें 500-500 के 04 नग नोट थे, को लूट कर स्कुटी सहित दोनों व्यक्ति भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 261/2024 धारा 294, 323, 392, 34 भादवि. कायम किया गया। अपराध कायमी के 02 घंटे के भीतर ही घटना में शामिल महिला एवं पुरूष को गिरफ्तार किया जाकर ओप्पो टच स्क्रीन मोबाईल जिसमें जिओ कंपनी का सिम लगा हुआ, तथा मोबाईल के पीछे कव्हर के अंदर रखा हुआ रकम 2000 रूपये बरामद किया गया एवं लूट की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त स्कुटी क्रमांक सीजी 08 एआर 4964 को जप्ती किया गया। उक्त कार्यवाही में उसके सिवाय आरक्षक अतहर अली, आरक्षक कमल किशोर यादव एवं आरक्षक प्रवीण मेश्राम की भूमिका सराहनीय रही ।

# बसंतपुर व छुरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी



**पुलिस के हत्थे चढ़े तीन आरोपी, अवैध शराब सहित बिक्री की रकम जब्त**

राजनांदगांव (दावा)। शहर की बसंतपुर पुलिस व छुरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

बसंतपुर पुलिस ने जहां धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी, अनील कुमार साहू पिता स्व0 रामलाल साहू उम्र 45 वर्ष निवासी लेबर कालोनी को गिरफ्तार किया वहीं छुरिया पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत आरोपी शिव कुमार व ज्ञानेंद्र सिंह को धर दबोचा है। आरोपियों के पास से 29 पौवा देशी प्लेन शराब व बिक्री की रकम 620 रुपए जब्त की है कि बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि आरोपी अनिल कुमार से 16 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 2.880 बल्क लीटर कीमती 1440 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 100 रूपये जुमला 1540 रूपये को जप्त किया गया, वहीं छूरिया पुलिस ने आरोपी दोनों आरोपियों को अवैध शराब सहित बिक्री की रकम सहित गिरफ्तार किया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन में अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ, सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा थाना बसंतपुर स्टाफ के मुखबीर की सुचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर मोहारा शिवनाथ नदी पुराना पुल के पास मे अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी अनिल कुमार साहू से 16 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 2.880 बल्क लीटर कीमती 1440 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 100 रूपये जुमला 1540 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी के विरूध थाना बसंतपुर मे अप.क्र. 264/2024 धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

# अब यूरिन से हो सकेगी शुगर की जांच, NIT के प्रोफेसर और शोधार्थी ने मिलकर बनाया ये टेस्ट स्ट्रिप किट

**रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रोफेसर और शोधार्थी ने मिलकर मूत्र से शुगर की जांच की खोज की है। अभी तक शुगर की जांच खून से होती थी। केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डा. कफील अहमद सिद्दिकी और शोधार्थी विभव शुक्ला ने ये खोज की है।**

इन्होंने टेस्ट स्ट्रिप बनाया है, इससे मूत्र से शुगर के स्तर की जांच हो सकती है। ग्लूकोज स्तर को डायबिटीज जैसी बीमारी की जांच के लिए ब्लड सैंपल लेकर मापा जाता है। डा. कफील ने कहा कि शुगर के नियंत्रण और इसकी जटिलताओं को रोकने के लिए नियमित मानिटरिंग करना बहुत आवश्यक है। इसके बावजूद, कई लोग, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग, रक्त परीक्षण से डरते हैं और गलतफहमियों के शिकार होते हैं। वे मानते हैं कि एक बूंद खून बनने में एक साल लगता है, जिससे वे शुगर परीक्षण के लिए रक्त देने से बचते हैं। यह नई यूरिन-आधारित टेस्ट स्ट्रिप इस डर को कम कर सकती है, जिससे ग्लूकोज मानिटरिंग करना आसान हो जाएगा।

डॉ. सिद्दिकी ने कहा कि उनका लक्ष्य ऐसी टेस्ट स्ट्रिप्स बनाना है जो सस्ती और आसानी से उपलब्ध हो, जैसे कि गर्भावस्था परीक्षण स्ट्रिप्स। उनका उद्देश्य यह है कि आम लोग अपने घर में बिना किसी इंजेक्शन या रक्त के अपने शुगर स्तर की सही जांच मूत्र के माध्यम से कर सकें। उनका अब तक किया गया यह शोध कार्य मटेरियल्स टुडे केमिस्ट्री में प्रकाशित हुआ है।

# मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दावा आपत्ति का आज अंतिम दिवस

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कक्षा 10वीं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति तथा कक्षा 12वीं अनुसूचित जाति के जिलों से अग्रेषित आवेदन लक्ष्य की सीमा में प्राप्त होने के कारण राज्य स्तर पर परीक्षण उपरांत अंतरिम सूची जिलों को जारी करते हुए दावा आपत्ति 11 जून को शाम 5.30 बजे तक आमंत्रित की गई है। सूची का अवलोकन छात्रवृत्ति पोर्टल https://schoolscholarship.cg.nic.in पर किया जा सकता है। दावा आपत्ति का निराकरण जिला स्तर से ही किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार 13 जून को अंतिम सूची प्रोत्साहन राशि वितरण के लिए बैंक को भेजी जाएगी। कक्षा 12वीं अनुसूचित जनजाति के आवेदन के लिए समय सीमा में 20 जून तक की वृद्धि की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अधिनस्थ स्कूलों में अध्ययनरत किसी भी पात्र विद्यार्थी द्वारा दावा आपत्ति संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर समय-सीमा में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 83 में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

# ग्रीष्मकॉलीन तीरंदाजी खेल प्रशिक्षण शिविर

**खेलों इंडिया के कोच ने सिखाया तीरंदाजी के गुर**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी तीरंताजी संघ राजनांदगांव द्वारा आयोजित ग्रीष्मकॉलीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जा रहा है। उक्त शिविर में खेलों इंडिया सेंटर गीदम के सीनियर मेडलिस्ट कोच प्रभु पोर्ते ग्रीष्मकॉलीन शिविर में अतिथि कोच के रूप में आमंत्रित किया गया था। उनके द्वारा तीरंदाजी का बेसिक से लेकर एडवांस लेवल तक का तीरंदाजी प्रशिक्षण बच्चों को दिया गया।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के कोच राहूल साहू, कुशल रजक ने कहा कि, इस तरह बीच-बीच में वरिष्ठ कोच का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था खिलाड़ियों के लिए किया जायेगा। प्रशिक्षण के द्वौरान खेलों इंडिया सेंटर गीदम के कोच प्रभु पोर्ते के स्वागत एवं सम्मान हेतु कमला कॉलेज के स्पोर्ट टीचर डॉ.नीता नायर, दिग्विजय कॉलेज के स्पोर्ट टीचर अरूण चौधरी उपस्थित थे। राहूल साहू ने कहा कि वर्तमान में 60 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। भविष्य में उक्त प्रशिक्षण का लाभ बच्चों के खेल प्रतिभा में दिखाई देगा।

# डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, एक की हालत गंभीर, महासमुंद के रहने वाले हैं दोनों



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (दावा)। गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के गौरेला वेंकटनगर मुख्यमार्ग पर आज एक सड़क हादसे में गिट्टी से लदी डम्फर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल है जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाइक सवार मृतक और घायल दोनों महासमुंद जिले के रहने वाले हैं और गौरेला में संचालित महाकाल ट्रेडिंग कंपनी में ट्रेनिंग करते थे, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामला गौरेला थानाक्षेत्र के गौरेला वेंकटनगर मुख्यमार्ग का है जहां पर बाइक सवार महेंद्र साहू और उसका दोस्त तुलसी दिवान दोनों नाश्ता करने के लिए गौरेला बस स्टैंड आए हुए थे और नाश्ता के बाद वापस जाने को निकले ही थे कि विपरीत दिशा की ओर से आ रही गिट्टी से भरी डम्फर वाहन की दोनों बाइक सवार युवक चपेट में आ गए आमने-सामने की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक सीधे डम्फर के नीचे जाकर फंस गया और बाइक सवार महेंद्र साहू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि दूसरा साथी तुलसी दीवान गंभीर रूप से घायल जिसे लोगों ने तत्काल जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है, वही घटना की सूचना मिलते ही गौरेला पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर रास्ता खुलवाया और डम्फर के नीचे फंसे बाइक को बाहर निकलवाया। घायल तुलसी दीवान और मृतक महेंद्र साहू मूलतः महासमुंद जिले के ठुठापाली गांव के रहने वाले है और मध्यमवर्गीय परिवार से है दोनों युवक गौरेला में संचालित महाकाल ट्रेडिंग कंपनी में ट्रेनिंग कर रहे थे। घटना की जानकारी पुलिस ने मृतक और घायल दोनों के परिजनों को दे दी है। वहीं घटना के बाद डम्फर चालक मौका देखकर फरार हो गया है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के

2-4-6

688-2 379-9

राजधानी

3-5-7

680-4 579-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम चिराग शर्मा पिता संतोष शर्मा है।

अतः मैं अपना पुराना नाम दीपक शर्मा को बदलकर नया नाम चिराग शर्मा पिता संतोष शर्मा रख लिया हूं। जिसे गजट प्रकाशन करवाना चाहता हूँ।

उक्त मेरे द्वारा नाम परिवर्तन में दिये गये सभी जानकारी सही व सत्य है। तथा भविष्य में मुझे मेरे नये नाम चिराग शर्मा पिता संतोष शर्मा जाना व पहचाना जावे।

उक्ताशय के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**चिराग शर्मा**
पिता - संतोष शर्मा
निवासी-भरकापारा वार्ड नं. 25,
हनुमान मंदिर के पास, राजनांदगांव,
जिला-राजनांदागांव छ.ग.



dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com





# रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही थीं 16 लड़कियां, आर.पी. एफ.को हुआ शक

**पूछताछ की तो सामने आया ये सच**



राजनांदगाँव(दावा)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले की 16 युवतियों को काम के बहाने दूसरे शहर ले जाने का मामला सामने आया है। आरपीएफ ने सभी युवतियों को अपने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। शनिवार की रात ये युवतियां बस में बैठकर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पहुंचीं। वहां ट्रेन के आने का इंतजार कर रही थी। इसी बीच रेलवे सुरक्षा बल की नजर युवतियों पर पड़ी। आरपीएफ की टीम ने युवतियों से पूछताछ की।

पूछताछ में सभी अलग-अलग जवाब दे रही थी। इसके बाद आरपीएफ ने सभी युवतियों को अपने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में युवतियों ने बताया कि ग्राम बर्घरा कुंडा निवासी उगेश चंद्राकर तमिलनाडू, बैंगलुरु ले जा रहा है। युवतियों को ले जाने की सूचना युवक ने पंचायत को दी थी और न ही संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को। यहीं नहीं युवतियों के अभिभावकों से भी सहमति नहीं ली गई थी। आरपीएफ की टीम ने युवक से भी पूछताछ की। लेकिन युवक किसी भी तरह से संतुष्टजनक जवाब नहीं दे पाया। बता दें कि सभी युवतियां कवर्धा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की रहने वाली हैं। युवक युवतियों को किस एजेंसी में काम दिलाने ले जा रहा था, क्या काम था इसकी भी जानकारी नहीं दे पाया। सभी युवतियों को रात में ही सखी सेंटर भेज दिया गया। एक साथ 16 युवतियों के अभिभावकों को बिना सूचना के दूसरे शहर ले जाने की खबर मिलने के बाद कवर्धा में हड़कंप मच गया। इधर, पुलिस युवक के अपराधिक रिकार्ड को भी खंगाल रही है। लेकिन अब तक युवक के खिलाफ किसी तरह से अपराधिक रिकार्ड दर्ज नहीं है। पूछताछ के बाद युवक को स्वजन को सौंप दिया गया। मामले में किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। रविवार को कवर्धा से अभिभावक युवतियों को लेने पहुंचे।

12 युवतियों को अभिभावकों को सौंप दिया गया। वहीं चार युवतियों को कवर्धा की टीम लेकर रवाना हो गई है। सखी सेंटर में भी युवतियों ने किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी।

मिली जानकारी के अनुसार सभी युवतियों की उम्र 18 से 22 वर्ष है। कुछ युवतियों ने दो तीन माह पहले ही 18 वर्ष पूर्ण किए हैं। हालांकि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक तरुणा साहू ने कहा, प्लेटफार्म में युवतियां ट्रेन आने का इंतजार कर रही थी। पूछताछ में युवतियां अलग-अलग जवाब दे रही थी। सभी युवतियों को सुरक्षित सखी सेंटर पहुंचा दिया गया है। वहीं कवर्धा पुलिस प्रशासन को भी सूचना दे दी गई है। सखी सेंटर के समन्वयक गायत्री साहू ने कहा, 16 युवतियों को सखी सेंटर में रखा गया था। सुबह अभिभावकों के आने के बाद 12 युवतियों को सौंप दिया गया। चार युवतियों को कवर्धा की टीम आकर ले जाएगी। युवतियों की अभी काउंसिलिंग नहीं हुई है।

# तोखन साहू को शहरी विकास मंत्रालय, गडकरी को परिवहन, खट्टर को शहरी विकास की मिली जिम्मेदारी



रायपुर (दावा)। मोदी सरकार में मंत्रियों को जिम्मेदारियों का बंटवारा हो गया है। मनोहर लाल खट्टर को शहरी विकास मंत्रालय और ऊर्जा मंत्रालय दिया गया है। तोखन साहू को शहरी विकास राज्य मंत्री बनाया गया है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा मंत्रालय दिया गया है, इसके साथ ही उन्हें शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खट्टर हरियाणा के पूर्व सीएम हैं और उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़कर जीता है, श्रीपद नाईक को राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है।

मोदी 3.0 में भी नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्री बनाया गया है, उनके साथ इस मंत्रालय के लिए दो राज्य मंत्री बनाए गए हैं, इनमें एक अजय टमटा और एक हर्ष मल्होत्रा शामिल हैं।

मोदी कैबिनेट की पहली बैठक में जो फैसला सामने आया है, उसके अनुसार पीएम आवास योजना को और एक्सटेंड किया गया है, सामने आया है कि पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ नए घर बनवाए जाएंगे, इसके पहले 4.21 करोड़ घर बन चुके हैं। सोमवार को पीएम मोदी की कैबिनेट की पहली मीटिंग हुई, जिसके तहत ये फैसला लिया गया है। वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह को एक बार फिर रक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण और पंचायत एवं ग्रामिण विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सीआर पाटिल जलशक्ति मंत्रालय लिया गया है। धर्मेंद्र प्रधान देश के नये शिक्षा मंत्री मंत्री होंगे। जेडीएस के कुमार स्वामी को भारी उद्योग व इस्पात मंत्रालय दिया गया है। निर्मला सीतारमण को फिर वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जीतन राम मांझी को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है, उनके इस विभाग में शोभा करंदलाजे को राज्य मंत्री बनाया गया है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा मंत्रालय दिया गया है, इसके साथ ही उन्हें शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया की प्रदेश की नयी कार्यकारिणी की कार्यशाला संपन्न

**इंटरवेंशन कैंसिल छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बने डॉ. मोहंती सचिव की जिम्मेदारी डॉ. निखिल मोतिरामनी को**



रायपुर (दावा)। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के छत्तीसगढ़ चैप्टर की नई कार्यकारिणी ने 8 और 9 जून को आयोजित छत्तीसगढ़ इंटरवेंशन कौंसिल में अपना पदभार सम्हाला। डॉ. एस.एस. मोहंती ने प्रेसिडेंट और डॉ निखिल मोतीरमानी ने सेक्रेटरी ऑफ़ एसोसिएशन की शपथ ली।

छत्तीसगढ़ इंटरवैंशन कांऊसिल की दो दिन की कार्यशाला में दूसरे दिन भारत के कई प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट शामिल हुए। होटल मैरियट रायपुर में आयोजित हुई इस कार्यशाला में सभी प्रदेश के डॉक्टर को नयी तकनीकों के बारे में जानकारी मिली। दिल्ली भोपाल से आए प्रसिद्ध डॉक्टर छत्तीसगढ़ प्रदेश में हृदय रोग में चल रहे उपचार और आधुनिक तकनीक का इस्तमाल देख काफ़ी खुश हुए। इसमें दिल्ली से डॉ मोहन भार्गव, भोपाल से डॉ. आर के सिंह और डॉ. मनोरिया, नागपुर से डॉ देशपांडे और डॉ पठान ने अपनी प्रस्तुति पेश की।

कार्यशाला का आयोजन डॉ जावेद अली ख़ान और डॉ. स्मित श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रदेश से डॉ. सूर्यवंशी, डॉ. सामल, डॉ. रत्नानी, डॉ. बख्शी, डॉ. स्नेहिल, डॉ. मनोज और बाक़ी सभी डॉक्टर्स शामिल हुए। प्रदेश से क़रीब 100 से ज्यादा डॉक्टरों ने शिरकत कर अपने तकनीकों और आधुनिक हृदय रोग इलाज की जानकारियॉ साझा की। नयी तकनीकों के उपयोग से यह फ़ायदे हमारी छत्तीसगढ़ की जनता यही पे हर तरह के जटिल इलाज का लाभ उठा सकती है ।

# संभाग स्तरीय बैठक में दैनिक वेतन भोगी वनकर्मीयों ने लिया अनेक निर्णय



**विभिन्न मांगों पर शासन का ध्यान आकृष्ट किया गया**

डोंगरगढ़(दावा)। राजनांदगांव वनमंडल तुमड़ीबोड़ डिपो में 9 जून को छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वनकर्मचारी संघ क्रमांक 548 की संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन प्रांताध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, महामंत्री राजकुमार चौहान व प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम निषाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। दुर्ग संभाग के अध्यक्ष संतोष सोनी, जिला अध्यक्ष राजनांदगांव विकास पटेल कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष श्रीमति चेमन बाई, जिला कोषाध्यक्ष अमित तुमाने संभाग के महामंत्री ऋषीकेश गुनी तथा परिक्षेत्र स्तरीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सहित सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

बैठक में अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया गया। संभाग के पूर्व उपाध्यक्ष के कार्य से संतुष्ट नहीं होने के कारण संभाग उपाध्यक्ष के पद से पदमुक्त करते हुये संभाग के उपाध्यक्ष पद हेतु जुनैद कुरैशी का सर्वसम्मति से चयन किया जाकर संभाग स्तरीय वरीयता सूची तथा वनमंडल/ परिक्षेत्रों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारीयों की समस्याओं पर चर्चा/ निराकरण एवं संघ की सदस्यता शुल्क, वेतन विसंगति एवं वर्तमान में विभाग द्वारा वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन का विरोध करते हुये भर्ती पर रोक लगाने हेतु संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा बैठक प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया।

# रायपुर मेकाहारा अस्पताल में महिला सुरक्षा गार्ड ने लगाई फांसी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी मेकाहारा अस्पताल में पदस्थ महिला सुरक्षा गार्ड ने फांसी लगाकर की खुदकुशी कर ली। महिला ने रेडियोलॉजी विभाग के एक कमरे में फांसी लगाकर की खुदकुशी की। मौत से अस्पताल में हड़कंप मच गया। मौदहापारा पुलिस जांच कर रही है। मेकाहारा अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब रेडियोलॉजी विभाग के एक कमरे में महिला की लाश फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिली। लोगों को कुछ समझ में नहीं आया कि अस्पताल में क्या हुआ। पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ। मृतक महिला अस्पताल में गार्ड की नौकरी कर रही थी। उसकी उम्र 35-40 साल के बीच है। वहीं किन कारणों के चलते सुसाइड की है। इसे लेकर कुछ भी पता नहीं चल पाया है। मृतक के पास से किसी तरह के सुसाइड नोट नहीं मिला है। जिसके चलते कारण अज्ञात है। पुलिस मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं मौत को लेकर पुलिस अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

# राजकुमार कॉलेज के एक्सपर्ट्स ने ली टीचर्स वर्कशॉप




राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों के लिए प्रसिद्ध संस्थान डॉ जे. बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा पर राजकुमार कॉलेज के अनुभवी शिक्षक रमेश चंद्र खांखरियाल एवं संजय कुमार मिश्रा ने शिक्षकों की कार्यशाला ली जिसमें शिक्षकों को आर्ट इंटीग्रेटेड टीचिंग, इम्पार्टेंस आफ आस्किंग क्वेश्चन्श की ट्रेनिंग दी गई। टीचर्स ने बताया कि विद्यार्थियों से प्रश्न पूछने से उनकी ब्रेनस्टॉर्मिंग होती है और ज्ञान में वृद्धि होती है। कहीं पर भी चलते-फिरते प्रश्न जरूर पूछते रहना चाहिए। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम से सभी शिक्षक लाभान्वित हुए एवं उनके ज्ञानात्मक संधारणा में धनात्मक वृद्धि देखी गई, जिसकी पुष्टि विभिन्न क्रिया कलापों द्वारा हुई। राजकुमार कॉलेज के दोनों अनुभवी शिक्षक रमेश चंद्र खांखरियाल एवं संजय कुमार मिश्रा ने अपने 30 वर्षों के दीर्घकालीन अनुभव के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के शिक्षण में संप्रयोग पर आख्यान दिया। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे. बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव ने इस ज्ञानवर्धक वर्कशॉप की प्रशंसा की एवं रमेश चंद्र खांखरियाल व संजय मिश्रा को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अतिक्रमण कारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के विरोध में, सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा कांग्रेसजनों ने



**विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे कांग्रेसजन**

डोंगरगढ़(दावा)। नगर पालिका परिषद् द्वारा की गई अतिक्रमण कारियो के विरुद्ध की कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस जनों ने विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में उग्र प्रदर्शन कर पीड़ितों की विस्थापन की मांग प्रशासन से की है।

प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में कहां गया है कि, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के द्वारा नाकापारा खैरागढ़ रोड वार्ड न. 03 में विधिविरुद्ध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी है। जिसकी सूचना समस्त दुकानदारों को नहीं दी गयी थी तथा अमानवीय तरीके से दुकानों को तोडा गया। दुकानदारों को अपनी सामग्री निकालने का भी अवसर नहीं दिया गया, ना ही इस विषय में किसी जनप्रतिनिधि को विश्वास में लिया गया। प्रशासन के इस अवैधानिक कार्यवाही के कारण उक्त स्थान पर स्थित दुकानदारों को हजारों लाखों की क्षति हुई है। वे दुकानदार विगत कई वर्षों से उस स्थान पर अपना जीवन यापन कर रहे थे।

**0 पालिका की अनुमति से विद्युत कनेक्शन लिया था व्यवसाईयों ने**

ज्ञापन में कहा गया है कि, नगर पालिका परिषद् ने रसीद काटकर उक्त दुकानदारों को विद्युत कनेक्शन लेने हेतु अनुमति भी प्रदान की थी। उसके बावजूद जानबूझकर विद्वेष के कारण उन गरीबों का दूकान तोड़ा गया । ऐसे अवैधानिक कार्य की कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है और विधिविरुद्ध किये गये अतिक्रमण हटाने के कार्य के विरुद्ध यह ज्ञापन प्रस्तुत है। पीड़ितों को शीघ्र न्याय यदि नहीं दिया गया तो पीड़ितों के साथ कांग्रेस पार्टी भी उग्र आन्दोलन की चेतावनी देती है।

# जनता के सहयोग से मुट्ठी बन गया पंजा - नीरज कन्नौजे



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के युवा नेता नीरज कन्नौजे ने कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए। जिसमें लगभग ठूठ हो चुकी 5 जून पर्यावरण दिवस कांग्रेस देशभर में हरी भरी हो गई। कांग्रेस का पंजा मुट्ठी बन गई। यह तब हुआ जब कांग्रेस का खाता बंद हुआ और लोकतंत्र बचाने के लिए जनता को सामने आना पड़ा अपना संविधान बचाने के लिए जनता भाजपा के 400 पार के नारा को ध्वस्त करते हुए जागरूकता का परिचय दिया।

दूसरे अर्थों में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन का चेहरा सामने रखते हुए देश की जनता ने अपनी लड़ाई खुद लड़ी और तानाशाह शासन के मुंह पर करारा तमाशा चढ़ा है। यह बात अलग है कि इंडिया गठबंधन थोड़ा ही पीछे रह गई लेकिन आने वाले समय में जनता के साथ मिलकर तानाशाह सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी। जिससे यह भी संभव हो सकता है कि देश में मध्यावधि की चुनाव की नौबत आ जाए और आगे चलकर इंडिया गठबंधन की सरकार बने।

**० कहा - अभी का लोकसभा चुनाव जागरूक जनता ने संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सहयोग किया**

श्री कन्नौज ने आगे कहा कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जीताने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और कांग्रेस समर्थकों ने एड़ी चोटी की मेहनत की है। यह बात अलग है कि श्री बघेल को थोड़े मतों से पीछे हो जाना पड़ा, लेकिन यह बात सत्य है कि लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार काफी बढ़ गया है और आने वाले नगरी निकाय चुनाव और पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस का और जनाधार बढ़ाने की संभावना प्रतीत हो रही है। श्री कन्नौजे ने लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह या इससे भी बढ़कर सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

# चक्रधरपुर मंडल में एनएचएस लांचिंग हेतु ब्लॉक के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत काँसबहाल-राजगंगपुर सेक्शन में स्थित समपार संख्या 221 में एनएचएस लांचिंग का कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

दिनांक 12 जून को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से रवाना होने वाली गाडी क्र. 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 11 जून को एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस 07 घंटे देरी से रवाना होगी। दिनांक 11 जून को सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी। दिनांक 12 जून को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस 07 घंटे देरी से रवाना होगी।

# शंकरपुर पीएचसी में गर्भवती महिलाओं पर केंद्रित कार्यक्रम संपन्न



**उत्तम संतान प्राप्ति हेतु वेद वाक्य सुनाने पर दिया गया बल**

राजनांदगाव (दावा)। जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरपुर में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर गर्भ संस्कार सेशन सम्पन्न। राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगाँव डॉ. शिल्पा पाण्डेय के मार्गदर्शन में आज 10 जून को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरपुर जिला राजनांदगांव में गर्भ संस्कार के सेशन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक गुप्ता, आयुक्त नगर पालिका निगम एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नेतराम नवरतन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजनांदगांव द्वारा की गई। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती गुरप्रीत कौर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, डॉ. भूमिका वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, श्रीमती पूजा मेश्राम, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. सुषमा साहू, प्रभारी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर एवं सेक्टर सुपरवाईजर श्रीमती हुलास सिन्हा उपस्थित रही।

शिविर का प्रारंभ माननीय अतिथियों द्वारा भगवान धन्वन्तरि के तैल-चित्र पर माल्यार्पण कर धन्वन्तरि वंदना के साथ पूजा अर्चना कर की गई। डॉ. शिल्पा पाण्डेय, जिला आयुर्वेद अधिकारी, राजनांदगांव द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी माननीय अतिथियों का पुष्पाहार एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। डॉ. हर्षा दुबे एवं डॉ. योगेश्वरी ठाकुर, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं सुप्रजा कार्यक्रम प्रभारी द्वारा उद्बोधन में गर्भ संस्कार सभी गृर्भिणी माताओं द्वारा दैनिक व्यवहार में उपयोग किये जाने हेतु अपील की गयी एवं उचित आहार-विहार औषधि प्रयोग करने की अपील की गई। गर्भ संस्कार विधि एवं उससे होने वाले फायदों के विषयों के बारे में जानकारी दी गई। गर्भ संस्कार कार्यक्रम में 68 गर्भिणी माताओं की रक्त जांच की गई तथा डॉ. भारती यादव, योग चिकित्सक, आयुष योगा एवं वेलनेस सेन्टर, राजनांदगांव एवं कु. इन्द्राणी साहू, योग प्रशिक्षक पदुमतरा द्वारा संयुक्त रूप से गर्भिणी माताओं को मासानुमासिक योग एवं प्राणायाम एवं मन्त्र उच्चारण करवाया गया तथा प्रतिदिन घर में भी मासानुमासिक निर्दीष्ट सिखाये गए योगाभ्यास एवं आहार क्रम का अभ्यास करने की सलाह दी गई। श्रीमती हेमलता बड़ा, नर्सिंग सिस्टर, श्रीमती छाया प्यासी, श्रीमती टीनू दीवान, सतीश राम सभी फार्मासिस्ट आयुर्वेद द्वारा गर्भ स्थापक औषधि सिद्ध जल और मधुर द्रव्ययुक्त आहार का वितरण भी गर्भिणीयों के लिए किया गया। गर्भ स्थापक औषधि धारण करवाते हुए ध्यान करवाया गया। दीपकचंद निखारे एवं दिलीप कुमार भिमटे औषधालय सेवक द्वारा तत्सम्बन्धी ब्रॉशर पाम्पलेट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भिणी माताओं को गर्भ संवाद एवं गर्भ संस्कार, संगीत श्रवण करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में मिट्टी द्वारा विविध कलाकृतियों का निर्माण भी गर्भिणीयों के माध्यम से करवाया गया। कार्यक्रम का समापन एवं आभार वरिष्ठतम चिकित्सक डॉ. रमाकान्त शर्मा, नोडल अधिकारी, जिला आयुर्वेद कार्यालय द्वारा कराया गया।

# भीषण गर्मी में जनरल बोगी के यात्रियों को नि:शुल्क शीतल ठंडा जल वितरण निरंतर जारी

**0 संस्कारधानी के संस्कार सेवा ही उद्देश्य**
**0 धार्मिक, सामाजिक एवं महिला संगठनों व अन्य स्वयंसेवकों की सहभागिता एक प्रेरणादाई पहल**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की सेवाभावी संस्था मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार के समन्वयक योगेश साहू एवं बाल रत्न मंच सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार, बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा संस्कारधानी के संस्कार ही है सेवा ही उद्देश्य को लेकर समर्पित भाव से सेवा ही उद्देश्य को शिरोधार्य करते हुए विगत 13 वर्षों से निरंतर भीषण गर्मी के 3 महीने तक प्रतिदिन राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेल यात्रियों को जनरल बोगी तक पहुंच कर नि:शुल्क शीतल ठंडा जल उपलब्ध कराया जा रहा है संस्था के संयोजक योगेश साहू सौरभ खंडेलवाल, सतीश मोटलानी एवं प्रतीक चोपड़ा ने बताया कि इस वर्ष की सेवा में संयुक्त आयोजक संस्कारधानी राजनांदगांव की समर्पित चार संस्थाएं मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार, संत कंवर राम जल सेवा समिति, बाल रत्न मंच सेवा समिति, उदयाचल परिवार मिलकर 45 से 48 डिग्री के तापमान की भीषण गर्मी में भी रेल यात्रियों को नि:शुल्क शीतल ठंडा जल वितरण कर रही है राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में सेवा का ऐसा भाव देखते ही बनता है सेवा कार्य से हर कोई जुड़ता चला जाता है। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं महिला मंडल एवं स्वयंसेवकों का सहयोग निरंतर बना हुआ है, रेल यात्रियों को जल सेवा वितरण में स्वयंसेवक के रूप में रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं महिला अधिकारी, टिकट निरीक्षक सहित, विश्व जागृति मिशन, पूर्व सैनिक कल्याण संगठन, श्याम युवा मंडल, विश्व ब्राह्मण महिला मंडल, गीतांजलि सेवा संस्थान, खंडेलवाल महिला मंडल, सनातन धर्म सेवा परिवार, पाटीदार युवा संघ, कायस्थ समाज, खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन, देवांगन समाज, सर्व यादव समाज, नगर साहू समाज, जीवनदान संस्था, स्टेशन के वेंडर, एवं कुली भाई साहब एवं मालगाड़ी ट्रेन के ड्राइवर सहित ट्रेन के कई यात्री भी स्वयंसेवक बनकर सेवा में सहभागी बनते हैं संस्कारधानी के संस्कार के अनुरूप सभी सनातनी बंधु 44 से 48 डिग्री की भीषण गर्मी में भी रेल यात्रियों को जनरल बोगी में निःस्वार्थ नि:शुल्क शीतल ठंडा जल वितरण सेवा में समर्पित होकर अपनी सेवाएं स्वयंसेवक श्रमदान सेवा दे रहे हैं। मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार, संत कंवर राम जल सेवा समिति, बाल रत्न मंच सेवा समिति, उदयाचल परिवार के संयुक्त तत्वाधान जल सेवा निरंतर जारी है उपरोक्त जानकारी जल वितरण सेवा समिति के संयोजक सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## अनमोल दावा

**इस संसार में देखने के लिए बहुत सारे खूबसूरत जगह है पर सबसे खूबसूरत जगह है बंद आंखों से अपने भीतर देखना**

## सम्पादकीय

# लोकसभा में राहूल गांधी को विपक्ष का नेता बनना चाहिए

कांग्रेस में सर्वसम्मति से राहुल गांधी को प्रतिपक्ष का नेता बनाए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ है। राहुल ने इसके लिए सोचने का वक्त मांगा है। उधर, लोकसभा चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से प्रधानमंत्री मोदी को मुसलमानों के तुष्टीकरण के जोर पर अपनी सत्ता की राजनीति को आगे बढ़ाने चन्द्राबाबू नायडू और नीतिश कुमार का सहारा लेना पड़ा है ।''मोदी की गारण्टी'' में कितना अमल होता है ? यह आने वाला समय बतायेगा। अब केन्द्र में एन.डी.ए. की सरकार बनने से मोदी ''सर्व धर्म -सम भाव '' की बात कर रहे हैं। पिछले दस सालों तक एकछत्र शासन करने वाले मोदी अब गठबंधन में सभी सहयोगी नेताओं को साथ लेकर चलेगी जो उनकी विवशता होगी । स्वाभाविक रूप से नरेन्द्र मोदी का दबदबा कम हुआ है । उधर, कांग्रेस में नेहरू-गांधी परिवार वापस रौशन हुआ है। एक समय, नेहरू गांधी परिवार पर असफलता का लेबल लगा था। पार्टी के गिरते स्तर को मल्लिकार्जुन खड़गे को समर्पित कर अलग हट गए थे। भाजपा की पराजय याने बहुमत सें दुर होनें के बाद नेहरू गांधी-परिवार के दिन फिर वापस आ गए हैं। सोनिया गांधी राज्य सभा की सदस्य निर्वाचित हुई और अब कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पद पर भी चुनी गई है। राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष के नेता बनाने का तख्ता भी तैयार हो चुका है। लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद केन्द्र सरकार के कैबिनेट मंत्री के समकक्ष होता है । किन्तु, लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद पिछले 10 सालों से खाली है। 2014 में कांग्रेस को 44 और 2019 में 52 बैठकें प्राप्त हुई थी । भाजपा के बाद कांग्रेस को सबसे अधिक बैठकें मिली थी । किन्तु, संसदीय कार्यवाही के प्रावधान होने के कारण कांग्रेस को विपक्ष के नेता का पद नहीं मिला था। लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद हासिल करने के लिए किसी भी पार्टी के पास लोकसभा की कुल बैठकें का 10 प्रतिशत बैठकें होना जरूरी है। इस प्रावधान के अनुसार लोकसाभा की कुल 543 बैठकों में से कांग्रेस के पास आवश्यक 54 बैठकें होनी चाहिए थी । पिछले कार्यकाल में कांग्रेस के पास 54 सांसद भी नहीं थे। इस कारण ,उसे विपक्ष के नेता का पद नहीं मिला था । अब कांग्रेस को 99 बैठकें मिली है, इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद उसे मिलेगा । कांग्रेस सर्वसम्मति से चाहती है कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता पद की जवाबदारी संभाले । राहुल गांधी 2019 में भी सांसद थे किन्तु उन्हे कांग्रेस के अध्यक्ष पद रहने में कोई रूचि नहीं थी । कांग्रेस के गिरते ग्राफ से वे मायुस थे । किन्तु, इस मरतबे कांग्रेस जोर में है। भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है और वह अन्य दलों के समर्थन पर मोदी सरकार टिकी है। कांग्रेस के पास अब 99 बैठकें हैं और प्रावधान अनुसार राहुल गांधी निर्विघ्न विपक्ष के नेता बन सकते हैं। राहुल राजनीति के क्रिकेट पिच में आक्रमण बेटिंग कर सकते हैं। इस कारण, उन्हें यह पद स्वीकार कर न केवल कांग्रेस को मजबूत करना होगा अपितु भाजपा की नीतियों की असफलता पर कड़ा प्रहार करने में भी आगे बढ़ना होगा । राहुल गांधी ने सोचने का समय मांगा है, किन्तु उन्हें अब अविलम्ब विपक्ष नेता का पद स्वीकार करना होगा । इसका एक अन्य कारण यह भी है कि कांग्रेस में अन्य कोई नेता ऐसा नहीं है जो इस पद पर विराजने लायक हो । कांग्रेस के अन्य नेता न आक्रमक हैं और न ही वे नरेन्द्र मोदी का सामना कर सकते हैं। निःसंदेह राहुल गोधी एक जुझारू नेता हैं। उन्होंने कांग्रेस को पुनः पटरी पर लाने अनेक अवरोधों का सामना करते हुवे दो मरतबे यात्रा की थी, जिसकी सराहना तो बनती है। राहुल गांधी अब वे पार्टी के सक्षम नेता हैं, ऐसा साबित करना होगा। उन्हें नेतृत्व की क्षमता साबित करनी होगी। मोदी या भाजपा अपराजेय है, इसे राहुल गांधी ने झुठा साबित कर दिया है। क्यों कि, कांग्रेस को जितनी बैठकें अधिक मिली है, उतनी ही बैठकें भाजपा की कमोबेस कम हुई है। राहुल गांधी के लिए अनुकूल संयोग है। उनका आत्मविश्वास बुलंद है। जब कि, भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास डगमग हुआ है। भाजपा के सेल मीडिया ने राहुल को ''पप्पू'' साबित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। प्रत्येक अवसर पर उन्हें अपमानित किया जाता था । अब ऐसे अवांछित मजाक सोशल मीडिया से हट गए हैं। चुनाव प्रचार में उन्हें ''शहजादा''कहा जाता था । किन्तु, अब भाजपा खेमे में डर पैदा हो गया है और वे चुप हैं। बहरहाल, राहुल गांधी को प्रतिपक्ष का पद स्वीकार कर सशक्त विपक्ष की भूमिका निभानी होगी ।

# भारत में रोज़ नए रिकॉर्ड तोड़ती गर्मी से कैसे राहत दे रहे पुराने तौर-तरीक़े

**कमला त्यागराजन**

भारत में तन को झुलसा देने वाली गर्मी में पानी को घड़ों में रखकर ठंडा करने का चलन बहुत पुराना है. अब इस नुस्ख़े को इमारतों को गर्मी से बचाने और कूलिंग टॉवर बनाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है.

नंदिता अय्यर को बहुत ज़्यादा ठंडे पानी से चिढ़ है. ये उनके दांतों में लगता है. फिर भी, जब भारत में गर्मी झुलसाने लगी और उनके अपने शहर बेंगलुरु में भी तापमान नए नए रिकॉर्ड बनाने लगा, तो कुकबुक लिखने वाली फूड ब्लॉगर नंदिता को एहसास था कि उन्हें पीने का पानी ठंडा करने के लिए कुछ इंतज़ाम तो करना ही पड़ेगा.

उन्होंने अपने बचपन के पसंदीदा नुस्ख़े यानी मटके को आज़माया. पकी मिट्टी के इन बर्तनों को दो अलग-अलग तरह की गीली मिट्टी से इस तरह बनाया जाता है कि इनसे पानी को घरों में बड़ी आसानी से ठंडा किया जा सके.

नंदिता कहती हैं कि, मेरे दांत बहुत संवेदनशील हैं. ऐसे में फ्रिज का पानी पीने से मुझे झटका सा लगता है; मटके में रखा हुआ पानी बस इतना ठंडा होता है, जिसे पीने से सुकून महसूस हो.

पुराने दिनों को याद करते हुए नंदिता बताती हैं कि पहले गर्मियों के दिनों में मटके में पानी भरने के बाद उसके ऊपर मलमल का कपड़ा भी गीला करके लपेट दिया जाता था. इससे घड़े में रखा पानी और ठंडा हो जाता था.

नंदिता बताती हैं कि, च्मुझे आज भी याद है कि हमारे बचपन के दिनों में मुंबई की गर्मियों में जब पारा चढ़ता था, तो मटके का ठंडा पानी पीना कितना सुकून देता था. इसलिए, जब बेंगलुरु का मौसम भी मुंबई जैसा बर्ताव करने लगा, तो मैंने वैसा ही मटका ख़रीदने का फ़ैसला किया.

मटके का इस्तेमाल एक ज़माने से होता आया है. जब पानी को मिट्टी के इन बर्तनों में रखा जाता है, तो वो मटके की हर दरार में समा जाता है.

जब घड़े के बारीक़ सुराखों में भरा हुआ ये पानी भाप बनकर उड़ता है, तो इस प्रक्रिया में अंदर के पानी की गर्मी भी उसके साथ साथ निकल जाती है. जब भाप के ज़रिए इस पानी की गर्मी निकल जाती है, तो अंदर बचा हुआ पानी ठंडा हो जाता है. इसीलिए, भारत के ग्रामीण इलाक़ों में ठंडे पानी के लिए सदियों से इन मटकों का उपयोग होता आया है.

घड़ों के इस्तेमाल का सबसे पुराना रिकॉर्ड तो हड़प्पा सभ्यता में मिलता है, जो तीन हज़ार साल से भी ज़्यादा प्राचीन है.



एवरीडे सुपरफूड्स की लेखिका नंदिता अय्यर खुद भी काफ़ी खाना पकाती हैं. वो कहती हैं कि गर्मियों में उनके फ्रिज में इतनी जगह नहीं बचती कि पीने का पानी ठंडा करने के लिए कई बोतलें रखी जा सकें. ऐसे में उनका मटका फ्रिज की जगह बचाने के काम भी आता है.

लेकिन हाल के वर्षों में जब भारत को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ा है, तो वातावरण को ठंडा करने की ये ज़रूरत और बढ़ती जा रही है. इस साल की गर्मियों में भारत में लगातार हीटवेव चल रही है.

दिल्ली में मौसम विभाग के एक केंद्र में तो पारा 52.3 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था. हालांकि बाद में विभाग ने कहा कि ये सही नहीं है और ऐसा तापमान मापने के लिए इस्तेमाल सेंसर में ख़ामी के कारण हुआ है.

2019 से 2023 के दौरान बेहद गर्म दिनों में एयर कंडिशनर की बढ़ती ज़रूरत की वजह से प्रति घंटे बिजली की औसत मांग 28 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है. अब इतनी भयंकर गर्मी में माहौल को, इमारतों को ठंडा रखना अस्तित्व बचाने का सवाल बनता जा रहा है. ऐसे में मिट्टी के बर्तनों (टेराकोटा) का ये पुराने दौर से चला आ रहा उपयोग, घरेलू रसोई के दायरे से निकलकर और जगहों पर भी इस्तेमाल किया जा रहा है. टेराकोटा इटैलियन ज़बान का शब्द है, जिसका मतलब च्झुलसी हुई मिट्टीज् है. प्राचीन सभ्यताओं में इसका काफ़ी चलन था. चीन और यूनान में बर्तन बनाने से लेकर मिस्र में कलाकृतियां गढ़ने तक में इसका इस्तेमाल होता रहा था.

लेकिन, 2014 में नई दिल्ली के पास ऐंट स्टूडियोज़ के तहत कूलऐंट नाम की आर्किटेक्चर कंपनी चलाने वाले मोनिश सिरिपुरापू ने इस पुराने सामान को बिल्कुल नए नज़रिए से देखना शुरू किया. मोनिश के एक ग्राहक इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान बनाते हैं. उनको एक बड़ी समस्या थी. उनकी फैक्ट्री में डीज़ल का एक जेनरेटर लगा था. उससे दो इमारतों के बीच इतनी ज़्यादा गर्म हवा निकल रही थी कि वहां काम करने वालों के लिए बर्दाश्त करना मुश्किल हो रहा था.

भयंकर गर्मी से उन्हें सिरदर्द और चक्कर आने की समस्या होने लगती थी. मोनिश ये प्रयोग करना चाहते थे कि क्या मिट्टी के बर्तनों को नई तकनीक से इस्तेमाल करने से इस मसले का हल निकाला जा सकता था.

वो बताते हैं कि, च्मैं अपने हर काम में प्रकृति को केंद्र में रखता हूं. ऐसे में मैं उभरती हुई तकनीकों की संभावनाएं तलाशना चाहता था.ज

इसी दौरान मोनिश के दिमाग़ में मटके का ख़याल आया. उन्होंने बताया कि, च्मिट्टी के बर्तन में रखा हुआ पानी क़ुदरती तौर पर ठंडा होता है. क्योंकि जब ये भाप बनकर उड़ता है, तो ये उस मटके से गर्मी को खींच लेता है. मेरे ज़हन में ये ख़याल आया कि अगर मैं इस प्रक्रिया को उलट दूं तो? मैंने सोचा कि हम मिट्टी के बने बर्तनों के इर्द गिर्द की हवा भी इसी तरह से ठंडी कर सकते हैं.ज

मोनिश सिरिपुरापू के डिज़ाइन में रिसाइकल किया हुआ पानी, मिट्टी के बर्तनों के ऊपर डाला जाता था. मिट्टी के इन बर्तनों के अंदर के सुराख़ों से जब पानी भाप बनकर उड़ता है, तो इसके आस-पास की हवा ठंडी हो जाती है.

इस काम के लिए मिट्टी के 800-900 कोन तैयार कराए गए और फिर मोनिश की कंपनी कूलऐंट ने स्टील के एक फ्रेम के भीतर इन सबको छत्ते की तरह एक दूसरे के ऊपर क़तार से लगा दिया. मोनिश ने इन्हें मधुमक्खी के छत्ते (बीहाइव) का नाम दिया है.

उन्होंने कहा कि, च्मिट्टी के ये कोन मधुमक्खी के छत्ते की तरह सजाकर रखने का बड़ा फ़ायदा ये है कि इससे इमारत को असरदार तरीक़े से ठंडा करने के लिए जितनी सतह की ज़रूरत होती है, उसमें इज़ाफ़ा हो जाता है.

जब मोनिश की कंपनी ने मिट्टी के बने पाइपों का पहला छत्ता लगाया था, उसके बाद से उन्होंने पुणे से लेकर जयपुर तक देश के कई स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, हवाई अड्डों और कारोबारी इमारतों में इस मधुमक्खी के छत्ते जैसे यंत्र को लगाया है. मधुमक्खी के छत्ते जैसी डिज़ाइन के साथ साथ मोनिश और उनके साथियों ने दूसरे तरह की डिज़ाइन बनाने के प्रयोग भी किए हैं, जिसमें मिट्टी के कोन अलग अलग आकार में रखे गए हैं, और इनमें से कुछ तो ऐसे हैं, जिनमें पानी का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं होता है.

रिसर्चरों ने ठंडा करने के लिए टेराकोटा के बने दूसरे डिज़ाइनों से भी तजुर्बा किया है. महाराष्ट्र के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के कुछ छात्रों ने पकी मिट्टी से एयर कंडिशनर भी बनाया था.

इसमें हवा खींचने के लिए पंखे का इस्तेमाल होता है और फिर वही पंखा ये हवा गीली मिट्टी के ऊपर फेंकता है. ख़बरों के मुताबिक़ इससे आस-पास के तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई थी.

भारत में आर्किटेक्चर की कई कंपनियों का कहना है कि पकी मिट्टी (टेराकोटा) के बने उनके डिज़ाइनों की वजह से तापमान में इससे कहीं ज़्यादा गिरावट दर्ज की है.

इनसे गर्मी के दौरान तापमान में लगभग 6 डिग्री सेल्सियस की कमी आती देखी गई, जिनके ज़रिए खुली जगहों और पूरी इमारतों को अधिक प्राकृतिक तरीक़े से ठंडा किया जा सकता है.

कूलऐंट ने अपने ग्राहकों और इन ठिकानों के दौरे के वीडियो हमें भेजे थे. कंपनी का दावा है कि उन्होंने मिट्टी के बने मधुमक्खी के छत्तों जैसे इन डिज़ाइनों से तापमान में लगभग 15 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की है.

मोनिश सिरिपुरापू कहते हैं कि, च्इसका प्रदर्शन तो हमारी उम्मीद से काफ़ी बेहतर रहा था.ज् हालांकि, तापमान में ये गिरावट किसी इलाक़े के वेट बल्ब टेंपरेचर (वातावरण में गर्मी और नमी दोनों का आकलन करने के तरीक़े) पर निर्भर करती है.

मोनिश कहते हैं कि अगर माहौल में पहले से ही काफ़ी उमस है, तो मिट्टी के कोन पर पानी छिड़कने से भी तापमान में बहुत ज़्यादा गिरावट नहीं आएगी. क्योंकि, नमी वाले माहौल में पानी के भाप के रूप में उड़ने की उम्मीद कम ही होती है.

आप इस बात को ऐसे समझें कि किसी शहर के ऊपर का आसमान गीले स्पंज जैसा हो. अब अगर स्पंज में पहले से पानी होगा, तो वो और पानी तो सोख नहीं सकता.फिर भी, तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट भी काफ़ी राहत देने वाली हो सकती है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम- 172 रानी कैकेई के मन में अभिषेक को लेकर अनेक तरह के विचारों की श्रृंखला

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



कैकेई के विवाह के बाद राजकुमार युधाजित प्रायः अयोध्या आया करते थे और भरत तथा शत्रुघ्न के जन्म के बाद वे समय-समय पर अयोध्या आकर उन्हें अपने साथ कैकेय राज्य ले जाया करते थे।

उनके मन में विचारों का एक और झोंका आया। आखिर भरत और शत्रुघ्न को उनके बड़े भाई राम के राजा बनने पर क्या आपत्ति हो सकती है? अतः मुझे इस संबंध में नहीं सोचना चाहिए।वहीं कैकेई तो राम को भरत से भी अधिक स्नेह करती है।अतः वह तो इस समाचार से अत्यधिक प्रसन्न होगी।

अब राजा दशरथ ने रानी कैकेई के पास जाने का निर्णय लिया।उन्होंने ताली बजाई। तुरंत एक सेवक ध्यान कक्ष के द्वार पर प्रकट हुआ। उन्होंने सेवक को आदेश दिया कि वह रानी कैकेई को सूचित करें कि राजा दशरथ उनसे भेंट करना चाहते हैं। थोड़ी देर में सेवक ने आकर सूचित किया कि रानी कैकेई राजप्रासाद में नहीं हैं। राजा के पूछने पर सेवक ने बताया कि महारानी अयोध्या से बाहर हैं।

उधर अयोध्या से दूर महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में रानी कैकई ने महर्षि वशिष्ठ से भेंट की इच्छा प्रकट की। शिष्य के बताने पर गुरु वशिष्ठ को आश्चर्य हुआ कि अभी तो वे राजधानी से लौटे हैं और रानी यहां फिर किस कार्य से पहुंच गई हैं?

हे महर्षि! महाराज कल मेरे प्रिय राम का अभिषेक करने वाले हैं लेकिन मैं उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं। रानी कैकेई ने कहा।


ऐसा क्यों रानी? महर्षि वशिष्ठ ने पूछा।

एक बार हमारे राज्य के ज्योतिष ने महाराज से मेरे विवाह के पूर्व बताया था कि अयोध्या के राजा दशरथ की कोई संतान उनके बाद 14 वर्ष के भीतर राजगद्दी पर बैठेगी,तो उसकी मृत्यु हो जाएगी। महाराज कुमार राम का अभिषेक करना चाहते हैं और मुझे चिंता महाराज की भी है और राम के स्वस्थ सुरक्षित होने की भी है।÷महारानी कैकेई ने कहा। ज्योतिष गणना के अनुसार तो महाराज दशरथ के शीघ्र ही पद छोड़ने के संकेत मिल रहे हैं। श्रवण कुमार के पिता ने उन्हें श्राप दिया था कि जिस तरह राजा दशरथ के शब्द भेदी बाण से उनकी मृत्यु हो रही है इसी तरह उन्हें भी पुत्र वियोग होगा और वे भी पुत्र वियोग में प्राण त्यागेंगे। महर्षि वशिष्ठ ने कहा।

रानी यह सुनकर सन्न रह गईं। क्या पुत्र वियोग का अर्थ पुत्र राम के प्राणों पर संकट तो नहीं क्योंकि वियोग का एक अर्थ तो यह भी होता है? क्या राजा दशरथ इसे सहन कर पाएंगे? नहीं यह नहीं हो सकता। रानी ने स्वयं से कहा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -084



## सु- दोकू क्र.084



सु-दोकू क्र.083 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

# भाजपा के भगवान

खबर पढ़ कर,
बानी बोले-''गजाधर!
मोदी जी ने तीसरी बार
प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।
उन्होने तीस केबिनेट,
पांच स्वतंत्र प्रभार,
और छत्तीस राज्य मंत्रियों से
इकहत्तर मंत्रियों की
मंत्रि परिषद गठित की।
यह सब तो ठीक है,
पर एक बात गजाधर भाई!
मेरी समझ में नहीं आई
मोदी जी ने.....?
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
हम तुम्हारी जिज्ञासा समझते हैं।
उसे हम शांत करते हैं-
देखो! पैर के मारे हुए असमर्थ पर,
भगवान की कृपा ऐसी, कि वे उसे
पहाड़ चढ़ा देते हैं।
और चुनाव में हारे हुए असमर्थ पर,
मोदी जी की कृपा ऐसी कि वे उसे
मंत्री बना देते हैं।''
तो मोदी जी है बानी! गजब के
सूझबूझ वाले अग्रसोची विद्वान।
इसीलिए तो हम कहते हैं उन्हें
भाजपा के भगवान।''



-गिरीश बख्शी

## कविता

कोयली कुहके, मैचका टर्राए
कोयली कुहके, मैचका टर्राए
जईसे बरखा के संदेश सुनाए
उमड़-घुमड़ के ए बदरा आए,
ए बरखा रूप, अपन दिखाए।
बरोड़ा-गर्रा-धुंका ह गर-गर्राएं
चारो मुड़ा हर, जम्मो बहराए
डहर-रद्दा सुग्घर चिक्कन लागे
धुर्रा-कचरा हर जम्मो उड़ जाए।
फाँफा-फिलगा फुरफुर-फुर्राए
किरा-मकोरा मन निकल आए
पड़की-परेवना हर तान सुनाए
पपिहारा मैना हर नाच दिखाए।
खेती-किसानी के दिन ह आए
माटी के सेवा म सब लग जाए
धरती के सेवा करईया माटीपुत्र
अपन जिनगी के भाग सहंराए।



अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा, शिवरीनारायण
9827874578

## राशिफल



**मेष** — आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है।



**वृषभ** — आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा आपको अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।



**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित करेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। दांपत्यजीवन में खुशहाली बनी रहेगी, जीवनसाथी की बात मानेंगे तो रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।



**कर्क** — आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। पहले किये हुए निवेश का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात काबू में रखें ज्यादा भावुक होने से बचे। आज आपको तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे।



**सिंह** — आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जाएंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे। फालतू की शॉपिंग से बचे और अपनी आर्थिक स्थिति कों मज़बूत करें।



**कन्या** — आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा उपहार देंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। किसी नए काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है।



**तुला** — आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज खर्च में इजाफा बचत को थोड़ा मुश्किल बना देगा। आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिए जाएंगे।



**वृश्चिक** — आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आप आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के लिए नया प्लान बनाएंगे।



**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है, तो फायदा होने वाला है। भाग दौड़ के कारण आज आपको आलस्य महसूस होगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।



**मकर** — आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।



**कुंभ** — आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जाएंगें, जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। छात्रों को आज कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है।



**मीन** — आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। दोस्तों के साथ आज आप पार्टी करने का मन बनाएंगे। आज आपको दूसरों से बात करते समय अपने भाषा पर नियंत्रण रखने की जरुरत है। जीवनसाथी आज प्रसन्न होने की वजह देंगे।

# अधिकारियों के नाक के नीचे अंचल में बड़े पैमाने में अवैध ईंट भट्ठों जप्ती कार्यवाही के बाद भी होती है बिक्री, खनिज विभाग की खानापूर्ति

डोंगरगांव (दावा)। अंचल में अधिकारियों के नाक के नीचे बड़े पैमाने में अवैध ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही ईंटों को पकाने के लिए किसानों के नाम का बोर और जंगल की कटाई भी की जा रही है। इस मामले में ना तो राजस्व का ध्यान है और ना वन विभाग का। मानो अघोषित रूप से जंगल की कटाई का ठेका इन ईंट भट्ठे वालों को दे दिया गया है। अवैध ईंट भट्ठों का संचालन बाहर अन्य प्रदेश से आकर स्थानीय कुम्हारों के नाम जमीन लीज में लेते हैं और लाल ईंट का निर्माण कर पर्यावरण को जमकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। जहां कई लाख ईंट का निर्माण एक बार के किया जाता है, जिसमें अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी मात्रा में जंगल से लकड़ी, मिट्टी, पानी सहित अन्य सामग्रियों का जमकर दोहन कर रहे हैं, इधर अधिकारियों से शिकायत के बाद कार्यवाही के नाम पर निर्माण किये गए इन पके कच्चे ईंटों को जप्त किया जाता है और कुछ दिनों बाद इन्हीं ईंटों को बेच दिया जाता है और शासकीय कार्यवाही का कोई अतापता नहीं होता।

बता दें की गिरगांव से लगे एक भूमि में ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है, वहीं अर्जुनी के पत्थर खदान से पास ही अवैध ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जिसके द्वारा यह इन भट्ठों चलाया जा रहा है, उसके द्वारा रेत का अवैध स्टॉक आसपास में जमाकर रखा है। इस मामले में जब एसडीएम और तहसीलदार से शिकायत हुई तब सोमवार को ईंट भट्ठे पर कार्यवाही हुई, तहसीलदार पीएल नाग ने बताया कि ग्राम अर्जुनी के संतराम पांड़े के ईंट भट्ठे से 1 लाख 25 हजार से जब्त किया गया है। इसके साथ परिवहन में लगे एक ट्रैक्टर को भी जब्त कर डोंगरगांव थाने में सुपुर्द किया गया है। इसके अलावा अर्जुनी के किशोरीबाई चक्रधारी के ईंट भट्ठे से 2 लाख 25 हजार ईंट तथा बड़ी मात्रा में रेत और ईंट से भरे ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। वहीं मेढ़ा के संतोष पिता पूनाराम के ईंट भट्ठे से 75 हजार ईंट, टेका हरदी के रामनिरंजन के ईंट भट्ठे से 50 हजार नग पक्का तथा 20 हजार कच्चा ईंट, ओडारबांध के नर्मदा पति रामकुमार के ईंट भट्ठे से डेढ़ लाख ईंट, घुघवा के राममन पिता बसावन कुम्हार के ईंट



### एक बार फिर से ईंट भट्ठों पर बड़ी कार्यवाही

भट्ठे से 2 लाख ईंट, बरसनटोला के महेश पिता प्यारेलाल के ईंट भट्ठे से 10 हजार पक्का और हृदय पिता गजरू के भट्ठे से 20 हजार, बरगांव के कमलेश पिता जेठूराम के भट्ठे से 2 लाख, जगन्नाथ पिता ईतवारी 2 लाख, मनोज पिता मनमोहन के यहां से 1 लाख ईंट, बडगांव चारभांठा के प्रभुनाथ पिता दशरथ 60 हजार नग कच्चा, 90 हजार पका ईंट तथा राजेन्द्र कुम्हार के भट्ठे से डेढ़ लाख ईंट जब्त किया गया है। इस प्रकार सोमवार की कार्यवाही में कुल 16 लाख 75 हजार पक्का व कच्चा ईंट सहित बड़ी मात्रा में रेत और ईंट परिवहन में लगे ट्रेक्टर को जब्त किया गया है। जब्त किये गए ट्रेक्टर को डोंगरगांव थाने में सुपुर्द किया गया है साथ ही जब्त किये गए ईंट को संबंधित ग्राम के कोटवार और सरपंच को सुपुर्द किया गया है। कार्यवाही के दौरान राजस्व निरीक्षक रामजी साहू सहित पटवारीगण तथा पुलिस की टीम उपस्थित रही।

### खनिज विभाग की खानापूर्ति

बता दें कि इसके पूर्व भी कुछ माह पूर्व डोंगरगांव प्रशासनिक अमले द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई थी, जिसमें अनेक ईंट भट्ठों से ईंटों की जब्ती की गई थी किन्तु जब्त किये गए ईंट वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं और चार माह पूर्व किये गए कार्यवाही का कोई असर ईंट भट्ठे मालिकों पर दिखाई नहीं दे रहा है। बता दें कि राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही कर पूरे मामले को खनिज विभाग में ट्रांसफर कर दिया जाता है, जहाँ असली खेल शुरू होता है। नियमतः जप्त किये गए खनिज या सामग्री की बिक्री होने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किया जाना चाहिए किन्तु आज तक इस प्रकार का कोई भी कार्यवाही खनिज विभाग की ओर से सामने नहीं आया है, खनिज विभाग द्वारा नाममात्र अर्थदंड और अपनी खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। नतीजा यह है कि चार माह बाद एक बार फिर से 17 लाख ईंटों की जब्ती की गई है।

> जती के बाद यदि सामग्री की बिक्री की जाती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही और परिवहन में लगे वाहनों को राजसात करने की कार्यवाही की जाती है, सोमवार को बड़ी मात्रा में ईंट व रेत जत कर कोटवार और सरपंच को सुपुर्द किया गया है साथ ही परिवहन में लगे ट्रेटर को थाने में सुपर्द किया गया है। इसके साथ ही अवैध ईंट भट्ठों पर कार्यवाही जारी रहेगी।
>
> **पी.एल.नाग- तहसीलदार डोंगरगांव**

## पहला कॉलम...

### किसान हितैषी भाजपा की मोदी सरकार - गुलाब गोस्वामी



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। लगातार तीसरी बार केंद्र मे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए शासन आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 करोड़ से ज्यादा किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त पर हस्ताक्षर कर किसानो का सम्मान किए। पूर्व विधानसभा छतीसगढ़ सरकार बनते मोदी की गारंटी 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य, दो साल का बोनस वितरण कर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत किए। केंद्र सरकार द्वारा लगतार एम एस पी मे बढ़ोत्तरी कर निरंतर किसानों को मजबूत कर रहे है।

किसान हित में प्रधानमंत्री बनते ही किसान सम्मान निधि की राशि जारी कर किसानों का मनोबल बढ़ाया गया, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी ने 3.0 मोदी सरकार की प्रथम पहल की सराहना करते केंद्र सरकार की प्रशंसा की।

### जेकेएस द्वारा विशाल रक्तदान शिविर



गंडई-पंडरिया (दावा)। नगर में सोमवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गंडई के मुख्य चौक में चंदन वस्त्रालय के बाजू में रक्तदान के लिए वाहन खड़ा किया गया था। वाहन में एक साथ चार व्यक्ति का रक्त एकत्रित किये जाने की सुविधा थी। रक्तदान करने वालो में शंटी अग्रवाल, निशार खान, खम्हन ताम्रकार, दिलीप ओगरे, अनिल अग्रवाल, जाबिद खान, नंदकिशोर साहू शामिल रहे। रक्त दान करने वालो को बैग, फल, जूस, बिस्किट आदि दिया गया। जन कल्याण सेवा समिति की ओर से रक्तदान करने वालों को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया इसी प्रकार मॉडल ब्लड बैंक द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। रक्त दान शिविर में डॉ. विजय कापसे, ब्लड बैंक इंचार्ज का विशेष योगदान रहा। रक्तदान कराने वाली टीम में कुल 10 स्टॉफ शामिल हुए जिसमें डॉ. खालिदा खान, डॉ.रश्मि किरण साहू, डॉ. रविशंकर अग्रवाल, सहयोगी स्टाफ में गिरीश ठाकुर, लोमस साहू, वर्षा चौधरी, शोभराम साहू, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, कु. हेमा कश्यप शामिल रहे। जनकल्याण सेवा समिति से अध्यक्ष चेतन पटेल, रितेश अग्रवाल, लुकेन्द्र तिवारी, ओंकार साहू, अभिषेक जैन, बालाराम जंघेल, मनोहर देवांगन आदि का सक्रिय योगदान रहा। रक्तदान शिविर में गौतम चंद जैन, ज्ञान चंद जैन, सुनील जैन, पीसी लाल यादव आदि उपस्थित रहे।

### संस्कार भारती साहित्यकार सम्मान समारोह सम्पन्न

0 छत्तीसगढ़ी साहित्य रत्न से विजय मिश्रा अलंकृत



रायपुर (दावा)। अखिल भारतीय कला साहित्य संस्था संस्कार भारती के द्वारा राजधानी रायपुर में साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला, विशिष्ट अतिथि डीएसपी ललिता मेहर, इंदिरा कला विश्वविद्यालय नाट्य विभागाध्यक्ष धीरेन्द्र चौबे ने शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और तरह तरह के बिरूवा से कलमकार सम्मानित हुए। संस्कार भारती की ओर से प्रदत्त 'छत्तीसगढ़ साहित्य रत्न सम्मान2024' से पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, रामेश्वर वैष्णव, मीर अली मीर, डॉ.चितरंजन कर, रामेश्वर शर्मा, विजय मिश्रा 'अमित', शकुंतला तरार आदि अलंकृत हुए।

संस्कार भारती के अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय, लोकरंजनी सांस्कृतिक संस्था के संचालक, संगीत नाट्य अकादमी से पुरस्कृत राकेश तिवारी, डॉ. पुरषोत्तम चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ी कलमकारों की सेवाओं को बहूमूल्य निरूपित किया। वरिष्ठ साहित्यकार विजय मिश्रा ने कहा गलाकाट प्रतिस्पर्धा और संकिर्णता के दौर में दूसरों को सम्मानित करना बड़े हृदय होने का प्रमाण है।

### मुड़ीपार में राधा कृष्ण मूर्ति स्थापन दिवस 21 जून को

डोंगरगढ़(दावा)। खैरागढ़ ब्लाक के सबसे बड़े ग्राम मुढ़ीपार में कोसरिया यादव समाज सर्किल मुढ़ीपार व समस्त ग्रामीणों के संयुक्त तत्वाधान में 21 जून शुक्रवार को राधा कृष्ण मूर्ति स्थापना दिवस मनाया जायेगा। सर्किल अध्यक्ष बिरसिंग यादव एवं टाकेश्वर यादव ने बताया की उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होगी। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में बडी संख्या में मुढ़ीपार सर्किल के यादव समाज के पदाधिकारी व सामाजिक बंधू उपस्थित होंगे।

## चोरी का सोना खरीदने वाले को लगातार बचा रही है पुलिस, आमजनों में चर्चा का विषय बना

**0 घर से जेवरात चोरी करने वाले को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता**

**0 मन्नापुरम गोल्ड लोन में कुछ गोल्ड को गिरवी रखकर लोन प्राप्त करना पाया गया**




डोंगरगढ़(दावा)। अवैध कारोबार सहित अपराध की रोकथाम को लेकर सक्रिय दिखलाई पड़ रही डोंगरगढ़ पुलिस चोरी के मामले में आरोपियों को पकड़ने में लगातार सफलता पा रही है। वहीं अनेक मामलों में मुख्य आरोपियों को बचाने का आरोप भी पुलिस पर लगाया जा रहा है। दो मर्तबा सोना चोरी के मामले में आरोपियों को तो पकड़ा गया। किंतु आरोपियों ने जिन ज्वेलर्स के पास सोने की बिक्री की अथवा गिरवी रखा, उनके ऊपर अपराध कायम नहीं किया गया, न ही उनका नाम उजागर किया गया। प्रेस विज्ञप्ति जारी करने वाले थाना प्रभारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, किंतु उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

प्रार्थीया ममता इंदुरकर पति संदीप इंदुरकर उम्र 36 साल निवासी भीमनगर डोंगरगढ़ ने 07 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 01 जून से 27 मई के मध्य किसी अज्ञात आरोपी द्वारा सोने चांदी के जेवरात कुल किमती 150000 रू. को चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 332/2024 धारा 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु वरिष्ठ अधिकारियों से दिशा-निर्देश प्राप्त कर तत्काल निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये लगातार पता तलाश किया जा रहा था। कि मुखबीर की सूचना पर संदेही नाबालिक लड़की एवं संदेही से पूछताछ करने जुर्म स्वीकार किये। जिसे पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों में यारी दोस्ती होने व घुमने फिरने में खर्च करने हेतु पैसों की आवश्यकता होने के कारण सोने चांदी के जेवरात चोरी कर अपने दोस्त को देना जिसमें से कुछ सोने के समान को गिरवी रखना व कुछ समान को बेच देना बताये। प्रकरण में नाबालिक बालिका एवं आरोपी रौनक सिंह राजपूत पिता निसिथ सिंह राजपूत उम्र 24 साल निवासी डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ के बताये अनुसार जेवरात को बरामद किया जाकर गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें ज्यु. रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा, सउनि. एस.एम.कुरैशी, प्र.आर. अखिल अम्बादे, आरक्षक प्रयांश सिंह, चंद्रप्रताप सिंह, चन्द्रकांत सोनी, मनोज हरमुख एवं म. आर. श्रद्वा बाघमारे का विशेष योगदान रहा है।

चोरों ने यारी दोस्ती में पैसा खर्च करने के लिए चोरी को अंजाम दिया था। चोरी करने के बाद चोरों ने अपने साथी के माध्यम से जेवरात बेच दिये थे। साथ ही मन्नापुरम गोल्ड लोन में कुछ गोल्ड को गिरवी रखकर लोन प्राप्त करना पाया गया। पुलिस ने चोरी के सभी सोने-चांदी के जेवरात की शत प्रतिशत बरामदगी कर ली।

## ऑन द राइस मार्शल आर्ट्स में शौर्य मिश्रा ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया

**मार्शल आर्ट्स शारीरिक और मानसिक रूप से खिलाड़ियों को स्वस्थ बनाता है - मुकेश साहू कोच**



डोंगरगढ़(दावा)। फिट इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशिप टूर्नामेंट गोंदिया महाराष्ट्र में आयोजित ताईक्वांडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में सभी अन्य राज्य से आए खिलाडियों ने अपना दम खम दिखाया। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य से भी रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव डोंगरगढ़ ऑन द राइस मार्शल आर्ट्स संस्था से बालक वर्ग 16 वर्षीय शौर्य मिश्रा पिता महेश मिश्रा ने इस आयोजन में हिस्सा लेकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

संस्था के कोच मुकेश साहू ने बधाई देते हुए शौर्य मिश्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संदेश दिया कि मार्शल आर्ट्स एक स्वयं के अध्ययन है। जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है। साथ ही जीवन में अनुशासन लाता है। जिससे सभी खिलाड़ी जल्दी ही अपने अच्छे व्यक्तित्व का विकास करता है। हर माता पिता को अपने बच्चों के सेहत को ध्यान में रखते हुए उन्हें खेल से जोड़े रखने का चाहिए।

## मोदी सरकार को बधाई देना छोड़ मध्यावधि चुनाव में सत्ता हथियाने का सपना देख रही कांग्रेस - मोरजध्वज देवांगन



**मोदी नीत राजग सरकार को दी बधाई**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के युवा व दबंग नेता मोरजध्वज देवांगन ने बयान जारी करते हुए कहा कि लोकतंत्र में स्वस्थ परंपरा के अनुसार निकटतम प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों को मोदी सरकार को तीसरी बार सत्ता संभालने के लिए बधाई देना चाहिए, लेकिन वह एनडीए की जीत को पचा नहीं पा रही है और अपनी हार को हार नहीं मार रही है। उल्टे मध्यावधि चुनाव का होने और उसमें सत्ता हथियाने का सपना देख रही है। कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन को मन के लड्डू खाने की पूरी आजादी है।

श्री देवांगन ने आगे कहा कि कांग्रेस जैसा करना है करें लेकिन देश की देवतुल्य जनता ने साबित कर दिया है। कि कांग्रेस नीति इंडिया गठबंधन सत्ता संभालने के काबिल नहीं है। इसलिए जनता ने उन्हें विपक्ष पर बिठा दिया है। वह अब अपनी विपक्ष की भूमिका ईमानदारी से निभाएं और हो सके तो देश हित में कोई अच्छी सलाह हो तो उसे केंद्र सरकार के समक्ष रखें।

### 0 संतोष पांडे को जनता ने सर आंखों पर बिठाया

मोरजध्वज देवांगन ने कहा कि संतोष पांडे भाजपा प्रत्याशी के रूप में लगातार दूसरी बार चुनाव जीते हैं तो यह उनके व्यक्तित्व और 17वीं लोकसभा में नरेंद्र मोदी ने नीत भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं और विश्व में भारत की साख बढ़ने का अच्छा परिणाम है। जनता ने इसी को देखकर वोट किया है।

श्री पांडे को बधाई देते हुए मोरजध्वज देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी सरकार भी 5 साल चलेगी। इस तरह मोदी सरकार 15 साल का लंबा सफर पूरा कर विकसित भारत का संकल्प पूरा करेगी। जनता की तो यही इच्छा है कि भाजपा या भाजपा नीत कर गठबंधन सरकार स्थाई रूप से भारत की सत्ता संभालती रहे।

श्री देवांगन ने आगे कहा कि देश कहां से कहां होता यदि कांग्रेस अपने 50 साल के शासनकाल में देश को गड्ढे में नहीं धकेलती और स्वयं अखंड भ्रष्टाचार में नहीं डूबी होती।

## खुर्सीटिकुल में हुआ खुमान साव का पुण्य स्मरण



राजनांदगांव (दावा)। लोकसंगीत सम्राट खुमान साव की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके जन्म स्थली गृह ग्राम खुर्सीटिकुल में दिनांक 9 जून को सांगीतिक श्रद्धांजलि एवं पुण्य स्मरण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार गण, कला साधक नवोदित कलाकार गण शिरकत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू अध्यक्षता व आमंत्रित साहित्यकार वक्तागण महेन्द्र कुमार बघेल मधु, ओमप्रकाश साहू अंकुर सुरगी, हेमलाल सहारे सचिव पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र, संतू राम गंजीर, नंदकुमार साहू नादान, शंकर लाल खोब्रागढ़े ने खुमान साव के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जीवन लाल साव, गुनेन्द्र साव अधिवक्ता, केशव राम साहू सेवानिवृत्त प्राचार्य, दीपक साव व्याख्याता, सुभाष यादव, हरिराम साहू, रोहित तारम प्राचार्य ने भी लोक संगीत के पितामह को याद करते हुए आगामी वर्ष खुर्सीटिकुल में भव्य कार्यक्रम करने पर बल दिया। उक्त सांगीतिक श्रद्धाजंलि कार्यक्रम का संचालन रोशन साहू 'मोखला' (अध्यक्ष सिरजन साहित्य संस्था राजनांदगांव) ने किया। खुमान संगीत अकादमी के संस्थापक गोविंद साव, मुरली शरण दास वैष्णव, गिरधारी पटेल व्याख्याता, मोहित साव उप सरपंच, बृजलाल साहू, सहित उनकी टीम द्वारा सांगीतिक कार्यक्रम हुआ। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी ग्राम खुर्सीटिकुल में साव जी की पुण्यतिथि पर वैचारिक गोष्ठी आयोजित की गई थी जिसे कलाधर्मियों व ग्रामीणों ने बहुत सराहा था।

## जनसहयोग मैदान की दुर्दशा, हवा में उड़ गया टिन शेड



डोंगरगांव (दावा)। शहरवासियों की भावनाओं और श्रमदान के चलते जनसहयोग मैदान का निर्माण कराया गया था जो कि रखरखाव के अभाव में बर्बाद होता चला गया है। नगर पंचायत के निष्क्रियता और सुस्ती के चलते आज पर्यन्त तक यह मैदान व्यवस्थित नहीं हो पाया है। उल्टे इस मैदान में करोड़ों रूपये से चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखने कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि सामने नहीं आ रहे हैं। गुणवत्ता को लेकर इसके पूर्व भी समाचारों का प्रकाशन किया गया था किन्तु अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया फलस्वरूप आज हवा के झोंके से टीन शेड उड़ गया, अच्छा यह हुआ कि कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ।

बड़ी उम्मीद से इस मैदान का निर्माण तन-मन-धन लगाकर शहरवासियों ने किया था ताकि युवा पीढ़ी इस मैदान का उपयोग कर शहर, गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे किंतु इस जनसहयोग मैदान की दुर्दशा के चलते खिलाड़ी यहां नहीं पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं मैदान में करोड़ों रुपए की लागत से हो रहा है निर्माण कार्य भी काफी गुणवत्ताहीन हैं और लापरवाहीपूर्वक तरीके से किया जा रहा है। स्टेडियम में लगे इलेक्ट्रिक सेट बोर्ड खुले में हैं, इधर दर्शकों के लिए दर्शक दीर्घा में तीन शेड का निर्माण कराया गया है, जो बारिश के पूर्व हल्की सी हवा में ही उड़ गया, इसके पहले भी अन्य निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन और लापरवाहीपूर्वक कार्य को लेकर खबरें प्रकाशित हुई थी किंतु उसे आज तक ठीक नहीं किया गया। बता दें कि रविवार को हुए 10 मिनट के बारिश और हवा में लाखों रुपए से निर्मित टीन शेड उड़ गए।


### गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की खुल रही है पोल

डोंगरगांव नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार जनसहयोग में मैदान में स्टेडियम का कार्य एक करोड़ 50 लाख की लागत से किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान में कुछ काम ही हुए हैं और बहुत से कार्य अब तक लंबित हैं। इधर जितने कार्य हुए हैं, वह गुणवत्ताहीन नजर आ रहे हैं। इन्हीं कार्यों में से एक टीन शेड का भी निर्माण किया गया जो पूरी तरीके से घटिया क्वालिटी के निर्माण सामग्री उपयोग करके किया गया है, इस मामले में नगर पंचायत सीएमओ दादूपाल सिंह ने बताया कि जनसहयोग मैदान में निर्माण कार्य के लिए 2021 में टेंडर निकाला गया था, जिसे राजनांदगांव के इमरान खान को निर्माण कार्य का ठेका दिया गया था। जानकारी यह भी आ रही है, इसके बाद ठेकेदार ने अपने अधीनस्थ आने ठेकेदार को इसे बनाने का कार्य सौंप दिया था। बड़ी बात यह है कि निर्माण कार्य 9 माह में पूर्ण किया जाना था किंतु आज तक निर्माण कर लंबित है। ऐसे में ना तो संबंधित ठेकेदार को अभी तक कोई नोटिस जारी किया गया है और ना ही इस मामले में उच्च अधिकारियों में संज्ञान लिया है। ऐसी स्थिति आगे भी बनती रही तो आने वाले समय में खेल के दौरान बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती है, जिसमें आमजनों के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी बुरी तरीके से आहत हो सकते हैं। गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर संबंधित ठेकेदार को तलब करते हुए कठोर कार्रवाई किया जाना चाहिए।

*जनसेवा मैदान में निर्माण का कार्य बचा हुआ है टेंडर 2021 में दिया गया था जो 9 माह में पूर्ण करना था। टीन शेड के मामले में ठेकेदार को बुलाया गया था, जिन्होंने उसे बनाकर देने कहा है, यदि ऐसा नहीं होता है तो विधि बात नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी-*

**दादूपाल सिंह, सीएमओ नपं डोंगरगांव**

## ट्रक ने छात्रा को रौंदा, एक की मौत, 2 घायल



दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के अंजोरा में ट्यूशन से घर लौट रही छात्रा को एक ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं 2 अन्य छात्राएं घायल हैं। सूचना पर अंजोरा पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मृत छात्रा के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ चक्काजाम भी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक घटना अंजोरा थाना स्थित थनोद मोड के पास की है। ग्राम चंगोरी निवासी ओजस्वी पारकर (13) अपने ग्राम आठवीं की कक्षा में पढ़ाई करती थी। वह अपने घर से ट्यूशन के लिए अंजोरा गई थी। शनिवार की सुबह ट्यूशन के बाद अपने घर चंगोरी जा रही थी, साथ में 2 सहेलियां भी थीं। 2 सहेलियां ठोकर लगने से दूर जाकर गिरीं बताया जा रहा है कि तीनों अपनी-अपनी साइकिल से जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से भूसा लोड ट्रक ने छात्रा ओजस्वी को अपनी चपेट में ले लिया। वह साइकिल समेत ट्रक के नीचे आ गई। वहीं उसकी 2 सहेलियां ठोकर लगने से दूर जाकर गिरीं, उन्हें भी चोटें आई है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने परिजनों के साथ ट्रक के सामने धरने पर बैठकर चक्काजाम कर दिया है। उनकी मांग है कि आरोपी ट्रक चालक पर कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। मौके पर पुलिस बल भी तैनात है। घटना में मृत ओजस्वी पारकर के पिता भोजेंद्र पारकर ने बताया कि वह भी ड्राइवर है।

# पहला कॉलम...

## काजोल की को स्टार नूर मालाबिका दास की मौत



नई दिल्ली। काजोल के साथ वेब सीरीज 'द ट्रायल' में काम कर चुकी एक्ट्रेस नूर मालाबिका दास का निधन हो गया है. एक्ट्रेस को उनके मंबई के घर में मृत पाया गया. पुलिस का कहना है कि उन्होंने सुसाइड की है, लेकिन मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है. एक्ट्रेस की अचानक मौत की खबर से फैंस के बीच खलबली मची हुई है. फिल्म इंडस्ट्री से एक बेहद शॉकिंग खबर सामने आई है. काजोल के साथ वेब सीरीज 'द ट्रायल' में काम कर चुकी एक्ट्रेस और कतर एयरवेज की पूर्व एयर होस्टेस नूर मालाबिका दास का निधन हो गया है. एक्ट्रेस को उनके मंबई के घर में मृत पाया गया. बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने सुसाइड कर अपनी जान दे दी है. इतनी कम उम्र में एक्ट्रेस की अचानक मौत की खबर ने हर किसी को हैरान-परेशान कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने 6 जून को नूर मालाबिका दास का शव उनके लोखंडवाला घर से बरामद किया. जहां एक्ट्रेस का शव पंखे से लटका मिला. पुलिस का कहना है कि उन्होंने सुसाइड की है. हालांकि, मौत का कारण अभी तक सामने नहीं आया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## शेयर मार्केट ने तोड़े रिकॉर्ड, सेंसेक्स 77000 के पार

मुंबई। लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल को लेकर आए उछाल के बाद अचानक शेयर मार्केट रिजल्ट वाले दिन क्रैश हो गया था. इसमें कई लोगों को भारी नुकसान हुआ. मगर अब शेयर मार्केट ने दोबारा रिकवर कर लिया है. देश में एनडीए की सरकार तीसरी बार बन चुकी है. पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ले ली है. सोमवार को शेयर बाजार ने मोदी 3.0 को अच्छा रिस्पांस दिया. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 323.64 अंक की जोरदार तेजी के साथ पहली बार 77,000 के स्तर को पार कर गया है. ये 77,017 के स्तर पर खुला है. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी इंडेक्स ने भी बाजार में धूम मचाई. इसने 105 अंकों तक की छलांग लगा दी है. बीते सप्ताह शुक्रवार को बीएसई के सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त देखी गई थी. बीएसई सेंसेक्स 1618.85 अंक या 2.16 फीसदी की तेजी के संग 76,693.41 के स्तर पर बंद हुआ था. शेयर बाजार में बीते शुक्रवार को काफी तेजी देखने को मिली. सेंसेक्स 77,017 के स्तर पर खुलने के बाद और तेजी लेते हुए 77,079.04 के स्तर पर पहुंचा. वहीं बीएसई इंडेक्स का नया ऑल टाइम हाई लेवल रहा. मार्केट में कारोबार की शुरुआत के साथ करीब 2196 शेयरों में तेजी आई. ये हरे निशान पर ओपन हुए. वहीं 452 कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई. 148 शेयरों के हालात में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं देखा गया.

## पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी

नई दिल्ली। पीएम किसान सम्मान निधि - मोदी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देश के किसानों को साल में 3 बार 2-2 हजार रुपये की किस्त जारी कर सकती है। 4 महीने के अंतराल में यह किस्त जारी की जाती है। पीएम किसान सम्मान निधि- तीसरी बाद प्रधानमंत्राी बनते ही पीएम मोदी ने पहला फैसला किसानों के हित में लिया है। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी कर दी है। इस किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा। पीएम किसान की 17वीं किस्त में 20,000 करोड़ रुपये जारी किये गए हैं। फैसले पर साइन करने के बाद पीएम ने कहा, 'हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए पीएम का चार्ज लेने के बाद पहला फैसला किसानों के हित का लिया गया है। हम किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए आने वाले समय में और काम करना चाहते हैं।

## अदन की खाड़ी में हूती आतंकियों ने दो जहाजों पर दागीं मिसाइलें

एपी, मनामा। यमन के हूती आतंकियों ने अदन की खाड़ी में दो जहाजों को निशाना बनाया है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमान ने कहा है कि एक एंटी-शिप बैलिस्टिक क्रूज मिसाइल ने शनिवार देर रात एंटीगुआ और बारबुडा ध्वज वाले मालवाहक जहाज नार्दर्नी फारवर्ड स्टेशन पर हमला बोला जिसके कारण जहाज में आग लग गई। हालांकि, जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। एक दूसरी एंटी-शिप क्रूज मिसाइल ने भी नार्दर्नी पर हमला बोला। हूती के प्रवक्ता ने एक रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में दावा करते हुए कहा कि जहाज को मिसाइलों और ड्रोन दोनों से निशाना बनाया गया। दूसरे हमले में एक हूती बैलिस्टिक मिसाइल ने मध्य कमान के अदन की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले स्विस स्वामित्व वाले कंटेनर ताविशी पर हमला बोला। हूती आतंकियों ने दावा किया है कि हमला अरब सागर में हुआ, लेकन इसे लेकर कोई सुबूत नहीं दिया।

# साउथ अफ्रीका ने रोमांचक मैच में बांग्लादेश को 4 रन से हराकर लगाई विजयी हैट्रिक



न्यूयॉर्क। केशव महाराज ने आखिरी ओवर में 11 रनों को डिफेंड करते हुए टी20 विश्व कप 2024 के मुकाबले में साउथ अफ्रीका को बांग्लादेश के खिलाफ चार रनों से रोमांचक जीत दिला दी. साउथ अफ्रीका ने सोमवार को यहां न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 113 रन का स्कोर बनाया और फिर बांग्लादेश को 7 विकेट पर 109 रन पर रोक दिया.

साउथ अफ्रीका की ग्रुप-डी में तीन मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है और अब उसके छह अंक हो गए हैं. साउथ अफ्रीकी टीम ने अब सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर ली है. बांग्लादेश क्रिकेट टीम को दो मैचों में पहली हार का सामना करना पड़ा है.

114 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 50 रन के अंदर ही अपने चार विकेट खो दिए. इसमें तंजीद हसन (9), नजमुल हसन शांतो (14), लिंटन दास (9) और शाकिब अल हसन (3) के विकेट शामिल हैं. लेकिन इसके बाद महमूदुल्लाह और तौहीद हृदय ने पांचवें विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी करके बांग्लादेश को मुकाबले में बनाए रखा.

तौहीद के आउट होने के बाद सारी जिम्मेदारी महमूदुल्लाह के उपर आ गई. बांग्लादेश को जीत के लिए अंतिम दो ओवरों में 18 रन बनाने थे और फिर आखिरी ओवर में 11 रन बमाने थे. साउथ अफ्रीका ने आखिरी ओवर केशव महाराज को थमा दी और उसने अपनी टीम को निराश नहीं किया. महाराज ने इस ओवर में महमूदुल्लाह को आउट करके साउथ अफ्रीका को चार रन से रोमांचक जीत दिला दी.

तौहीद 34 गेंदों पर दो चौके और दो छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुए. उनके अलावा महमूदुल्लाह ने 27 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 20 रन बनाए. साउथ अफ्रीका की ओर से महाराज ने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट लिए. उनके अलावा कगिसो रबाडा ने दो एनरिक नॉर्खिए ने दो विकेट चटकाए.

इससे पहले, तंजीम हसन साकिब की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट पर 113 रन के स्कोर पर रोक दिया. दक्षिण अफ्रीका तरफ से हेनरिक क्लासेन ने 44 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों से 46 रन की पारी खेलने के अलावा डेविड मिलर (29 रन, 38 गेंद, एक छक्का, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए उस समय 79 रन की साझेदारी की जब टीम 23 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी.

बांग्लादेश की ओर से तंजीम हसन साकिब ने 18 रन देकर तीन जबकि तास्किन अहमद ने 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए. मुस्ताफिजुर रहमान ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 18 रन दिए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली.

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसे तंजीम और तास्किन ने गलत साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. टीम ने पांचवें ओवर में 23 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए. क्विंटन डिकॉक (18) ने तंजीम के पहले ओवर की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने इसी ओवर में रीजा हैंड्रिक्स (00) को पगबाधा कर दिया.

डिकॉक ने तास्किन पर भी छक्का जड़ा लेकिन तंजीम ने अंदर की ओर आती गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया. मार्कराम भी चार रन बनाने के बाद तास्किन की गेंद पर बोल्ड हो गए.

तंजीम ने इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स (00) को शॉर्ट कवर पर शाकिब अल हसन के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका दिया. दक्षिण अफ्रीका ने पावर प्ले में चार विकेट पर 25 रन बनाए.

मिलर ने रिशाद हुसैन जबकि क्लासेन ने मुस्ताफिजुर पर चौका जड़ा। क्लासेन ने राशिद पर लगातार दो छक्कों के साथ 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया. मिलर 13 रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब महमूदुल्लाह की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास ने उनका कैच टपका दिया। इसका फायदा उठाते हुए मिलर ने मुस्ताफिजुर रहमान पर छक्का जड़ा.

क्लासेन ने 17वें ओवर में महमूदुल्लाह पर छक्के और फिर एक रन के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया. तास्किन ने अगले ओवर में क्लासेन को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा. रिशाद ने मिलर को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका की अंतिम दो ओवर में तेजी से रन जुटाने की उम्मीदों को झटका दिया.

# भारतीय हॉकी टीम ने बेहतरीन टीम वर्क दिखाया : हरमनप्रीत



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 16 मैचों में 24 अंकों के साथ एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने अभियान का अंत किया। इसमें 5 जीत, 5 हार और छह ड्रॉ शामिल हैं। वर्तमान में भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भारत, नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन और आयरलैंड सहित 9 टीमों ने भाग लिया।

एफआईएच प्रो लीग 2023-24, तीस जून तक जारी रहेगा लेकिन भारत ने रविवार को अपना 16वां और अंतिम मैच खेला, जिससे उसके एक प्रतिस्पर्धी और महत्वपूर्ण सीजन का समापन हुआ। टीम के प्रदर्शन पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2023-24 हमारे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। नीदरलैंड 2-2 (4-2 शूटआउट), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी कुछ जीत हमारी टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को उजागर करती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा टीम वर्क दिखाया है। भारत के कप्तान एक स्टार परफॉर्मर के रूप में उभरे और भारत के लिए टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रहे। अपने नाम 12 गोल के साथ, वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स और नीदरलैंड के जिप जानसेन के साथ टूर्नामेंट के संयुक्त प्रमुख गोल करने वाले खिलाड़ी भी हैं। हरमनप्रीत ने आगामी 2024 पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए इस टूर्नामेंट के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, यह लीग हमारी ताकत और सुधार के क्षेत्रों को समझने में हमारी मदद करने में महत्वपूर्ण रही है। शीर्ष स्तरीय टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने से हमें अपने खेल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब हम जानते हैं कि हम कहां खड़े हैं और वैश्विक मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए हमें किन चीजों पर काम करने की जरूरत है। अब भारत बैंगलोर में एक शिविर के लिए लौटने से पहले एक छोटा ब्रेक लेगा, जहां वह अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। कप्तान ने कहा, हमने अपने खेल के उन विशिष्ट पहलुओं की पहचान की है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है और आगामी शिविर उन क्षेत्रों पर काम करने में महत्वपूर्ण होगा।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर हुई ये टीम



नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024- टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अभी तक 20 मैचों का खेल पूरा हो चुका है। लेकिन 20वें मैच के बाद एक टीम सुपर-8 की रेस से बाहर हो गई है। इस टीम को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

टी20 वर्ल्ड कप 2024- टी20 वर्ल्ड कप 2024 में फैंस को एक से बढ़कर एक मैच देखने को मिल रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप का ये एडिशन काफी खास है। इस बार टूर्नामेंट में 20 टीमें खेल रही हैं। ये टीमें फिलहाल सुपर-8 में अपनी जगह बनाने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रही हैं। लेकिन इस एडिशन के 20वें मैच के बाद एक टीम इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। ये टीम लगातार तीन मैच हार चुकी है, ऐसे में ये टीम अब सुपर-8 में अपनी जगह नहीं बना पाएगी।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 20 टीमों को 5-5 के ग्रुप में बांटा गया है। लेकिन ग्रुप बी की एक टीम सुपर-8 की रेस से बाहर हो गई है। ये टीम ओमान है। ओमान इस बार टूर्नामेंट से एलिमिनेट होने वाली पहली टीम है। ग्रुप स्टेज का 20वां मैच ओमान और स्कॉटलैंड के बीच खेला गया।

# नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से दुनिया में और बढ़ेगी भारत की धाक

नई दिल्लीः नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से दुनिया में भारत की धाक और बढ़ेगी। इसके साथ ही विदेश नीति भी अपने नए मुकाम पर पहुंचेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने विश्व के मानस पटल पर अपनी नई छवि अंकित की है। अपने दो बीते कार्यकाल के दौरान विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सर्वे एजेंसियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे पॉपुलर लीडर रहे हैं। दुनिया में उन्हें अब वर्ल्ड लीडर के तौर पर देखा जाने लगा है। ऐसे में रिकॉर्ड तीसरी बार उनके प्रधानमंत्री बनने से भारत का दबदबा दुनिया में और बढ़ेगा।



पीएम मोदी वर्ष 1962 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार इस पद की शपथ लेने वाले दूसरे नेता हो गए हैं। पीएम मोदी के पिछले कार्यकाल में फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे दुनिया के ताकतवर देश भारत के स्ट्रैटेजिक पार्टनर बने। इससे पाकिस्तान और चीन जैसे दुश्मनों को झटका लगना तय था। वहीं ताकतवर देशों के साथ भारत की स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप ने दुनिया में उसे नए उभरते लीडर के तौर पर पेश किया। मोदी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया के सामने अपनी विदेश नीति का लोहा मनवाया। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जब अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाया तो भी भारत ने अपने परंपरागत और गहरे दोस्त से कच्चा तेल खरीदना जारी रखा। अमेरिका और पश्चिम की आपत्ति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऐसा जवाब दिया कि उन देशों की बोलती बंद हो गई।

# ओमान को हराकर ग्रुप-बी में टॉप पर पहुंचा स्कॉटलैंड

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। ब्रैंडन मैकमुलेन के नाबाद 61 और जॉर्ज मुन्से के 41 रनों की बदौलत स्कॉटलैंड ने रविवार देर रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टी20 विश्व कप ग्रुप-बी मैच में ओमान को सात विकेट से हरा दिया।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम ने प्रतीक की 54 रन की पारी की बदौलत सात विकेट खोकर 150 रन बनाए। स्कॉटलैंड के सभी गेंदबाजो ने शानदार गेंदबाजी की। सफयान शरीफ को 2 विकेट मिले। वहीं, मार्क वॉट, ब्रेड व्हील, सोल और क्रिस ग्रीव्स को 1-1 सफलता मिली। 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की और पावरप्ले में ही 50 रन जोड़ लिए। हालांकि इस दौरान जार्ज (41) और जोंस (16) आउट होकर पवेलियन लौट गए। लेकिन तीसरे स्थान पर आए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 153/3 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैकमुलेन ने 31 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्के जड़ते हुए 61 रन की मैच विनिंग पारी खेली। ओमान के गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा। टीम के लिए बिलाल खान, आकिब इलयास और मेहरान खान को 1-1 विकेट मिला। इस जीत का मतलब है कि स्कॉटलैंड सुपर आठ में पहुंच सकता है। वह नामीबिया के खिलाफ जीत और इंग्लैंड के रद्द हुए मैच के बाद ग्रुप बी की तालिका में शीर्ष पर है। दूसरी ओर, ओमान तीन मैचों में लगातार हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। स्कॉटलैंड की ओमान पर इस बड़ी जीत के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप बी का अंक तालिका भी रोचक हो गया है। साथ ही इंग्लैंड पर सुपर 8 से बाहर होने का खतरा भी बढ़ गया है।

# प्रथम पेज का शेष

***बलौदाबाजार में सतनामी समाज का....***

0 कलेक्टर एसपी ने ली थी शांति समिति की बैठक- तीन दिन पहले ही बलौदाबाजार कलेक्टर केएल चौहान और एसएसपी सदानंद कुमार ने शांति समिति की बैठक ली थी। इसमें सभी समाज के लोग और प्रमुख शामिल हुए थे। कलेक्टर ने सभी समाज प्रमुखों से शांति और सौहाद्र बनाए रखने की अपील की थी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया था कि इस पूरे मामले की मजिस्ट्रिलयल जांच कराई जाएगी। लोगों ने मजिस्ट्रियल जांच पर सहमति भी दी थी। इसके बावजूद सोमवार को सतनामी समाज के लोग सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और भीड़ ने उग्र रूप धारण कर लिया।

***एनडीए सरकार की पहली ...***

अन्नपूर्णा देवी यादव को महिला और बाल विकास मंत्री बनाया गया है। अब तक स्मृति ईरानी इस मंत्रालय को संभाल रही थीं, लेकिन वे चुनाव हार गई हैं।किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों का मंत्री, हरदीप सिंह पुरी को पेट्रोलियम मंत्री, मनसुख मंडाविया को श्रम और रोजगार और खेल मंत्री, जी किशन रेड्डी को कोयला और खान मंत्री, चिराग पासवान को खाद्यप्रसंस्करण मंत्री और सीआर पाटिल को जल शक्ति मंत्री बनाया गया है।

राव इंद्रजीत सिंह को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, योजना मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है।जितेन्द्र सिंह को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री की जिम्मेदारी मिली है।अर्जुन राम मेघवाल को कानून एवं न्याय मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।

एनडीए के सहयोगियों में कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, चिराग पासवान और किंजरापु राममोहन नायडू को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।जाधव प्रतापराव गणपतराव को आयुष मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है।जयंत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है।सहयोगी पार्टियों के 4 अन्य नेताओं को भी राज्य मंत्री बनाया गया है।

यहां देखें पूरी लिस्ट

अमित शाह कैबिनेट मंत्री गृह मंत्रालय

राजनाथ सिंह कैबिनेट मंत्री रक्षा मंत्रालय

नितिन गडकरी कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन मंत्रालय

जेपी नड्डा कैबिनेट मंत्री स्वास्थ्य मंत्रालय

धर्मेंद्र प्रधान कैबिनेट मंत्री शिक्षा मंत्रालय

जीतन राम मांझी कैबिनेट मंत्री एमएसएमई मंत्रालय

राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) कैबिनेट मंत्री पंचायती राज मंत्रालय

सर्बानंद सोनोवाल कैबिनेट मंत्री पोर्ट और शिपिंग का पुराना मंत्रालय

डॉ वीरेंद्र कुमार कैबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्रालय

राममोहन नायडू कैबिनेट मंत्री नागरिक उड्डयन मंत्रालय

प्रल्हाद जोशी कैबिनेट मंत्री उपभोक्ता मंत्रालय

जुएल ओरांव कैबिनेट मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय

गिरिराज सिंह कैबिनेट मंत्री कपड़ा मंत्रालयअश्वनी वैष्णव

अश्वनी वैष्णव कैबिनेट मंत्री सूचना प्रसारण मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय

ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया कैबिनेट मंत्री दूरसंचार मंत्रालय

गजेन्द्र सिंह शेखावत कैबिनेट मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री

अन्नपूर्णा देवी कैबिनेट महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

किरेन रिजिजू कैबिनेट मंत्री संसदीय कार्य मंत्री

हरदीप सिंह पुरी कैबिनेट मंत्री पेट्रोलियम मंत्रालय

डॉ मनसुख मंडाविया कैबिनेट मंत्री श्रम मंत्रालय

चिराग पासवान कैबिनेट मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

सीआर पाटील कैबिनेट मंत्री जल शक्ति मंत्रालय

राव इंद्रजीत सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री- शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि वह अपने मंत्रिपरिषद के साथ मिलकर काम करते हुए देश के 140 करोड़ लोगों की सेवा करने और देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं. उन्होंने कहा, मंत्रियों की यह टीम युवा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है. हम लोगों के जीवन में सुधार के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे. पीएम मोदी पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले दूसरे व्यक्ति हैं.

***राहुल की राह में रोड़ा ...***

और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल थे तो दूसरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थीं। दोनों की कांग्रेस से पुरानी रंजिश रही है। नीतीश के आग्रह पर ये दोनों भी पटना की बैठक में शामिल हुए और बाद की बैठकों में भी शामिल होते रहे।

***आचार संहिता के खत्म ...***

मुख्यालय ने 643 हेड कांस्टेबलों को सब-इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत किया है। इस तरह चुनाव समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर यूपी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है, साथ ही विभागीय पदोन्नतियां भी की जा रही हैं।

# कनाडा : उड़ान भरते ही विमान के इंजन में लगी आग



नई दिल्ली। एयर कनाडा के इस विमान में 389 यात्री और 13 क्रू मेंबर समेत 402 लोग सवार थे। ये विमान कनाडा की राजधानी टोरंटो से पेरिस जा रहा था। पायलट की सूझबूझ से सभी यात्रियों की जान बच गई।

कनाडा की राजधानी टोरंटो से पेरिस जा रही एक फ्लाइट में आग लग गई। यह आग रनवे से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद लगी। आग लगने की जानकारी होते ही पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को नीचे उतार लिया। इस तरह विमान में सवार 402 लोगों की जान बच गई। विमान में आग लगने की घटना बुधवार (05 जून) देर रात की है। इसका वीडियो सोशल मीडिया में अब वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि विमान जैसे ही टेकऑफ करता है, वैसे ही उसमें आग लग जाती है। यह आग विमान के दाहिने इंजन में लगती है। इसके कारण रात के अंधेरे में विमान से चिंगारी निकलते लगती है, जैसे ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल को यह आग दिखाई दी तुरंत ही पायलट को सूचना दी गई।

पायलट ने फौरन 'पैन-पैन' चिल्लाते हुए इमरजेंसी की घोषणा की और एटीसी से रनवे को तुरंत ही खाली करने की मांग की। हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान को नीचे उतार लिया गया।

# एवरेस्ट पर भी ट्रैफिक जाम!



दुनिया की सबसे ऊंची चोटी हिमालय के एवरेस्ट पर चढ़ाई करना लगभग हर पर्वतारोही की चाह होती है. लेकिन इस चाह ने कइयों की जान भी ले ली है. इस साल एवरेस्ट पर चढ़ाई का सीजन शुरू होते ही सैकड़ों पर्वतारोहियों का जुटान एवरेस्ट पर होने लगा और बीते हफ्ते पांच पर्वतारोहियों के मरने की भी खबर आई है. इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें सैकड़ों लोग रस्सी के सहारे एवरेस्ट पर चढ़ने की कोशिश में हांफते और धीरे-धीरे ऊपर सरकने की कोशिश करते दिख रहे हैं. ऐसा लग रहा है जैसे एवरेस्ट पर ट्रैफिक जाम हो गया है.

एवरेस्ट पर्वत के साउथ कॉल के इस वीडियो को भारतीय पर्वतारोही राजन द्विवेदी ने शेयर किया है जो शिखर के नजदीक के कैंप 4 का वीडियो है.

पिछले 10 सालों से एवरेस्ट पर चढ़ने का सपना देख रहे राजन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें लोग बेहद धीमी गति से मुश्किल हालात का सामना कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं.

इंस्टाग्राम पोस्ट जो अब वायरल हो गया है, उसमें देखा जा सकता है कि सैकड़ों पर्वतारोही शिखर पर चढ़ने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन वो थोड़ा भी आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं. राजन ने यह वीडियो तब शूट किया जब वो एवरेस्ट पर चढ़ाई के बाद नीचे उतर रहे थे.

उन्होंने अपने एवरेस्ट मिशन के दौरान एक अपडेट शेयर किया जिसमें वो बता रहे थे कि पर्वतारोही एवरेस्ट चढ़ने की कोशिश करते हुए जॉम्बी की तरह लग रहे थे. उनकी हालत ऐसी हो गई थी जैसे वो नींद में हों.

उन्होंने लिखा, वे कांप रहे थे और रो रहे थे जिससे ट्रैफिक जाम हो गया.

राजन के मुताबिक, एवरेस्ट पर चढ़ने की कोशिश करने वालों में बहुत से लोग ऐसे थे जो ठीक ढंग से प्रशिक्षित नहीं थे और उन्हें पर्वतारोहण का कोई अनुभव नहीं था. वीडियो ऐसा है जो बिना सही प्रशिक्षण और अनुभव के एवरेस्ट पर चढ़ने की इच्छा रखने वालों को दोबारा सोचने पर मजबूर करता है. साल 2019 में भी एवरेस्ट पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला था जब एक तस्वीर में सैकड़ों की संख्या में पर्वतारोही फंसे दिख रहे थे. इसे एवरेस्ट पर ट्रैफिक जाम कहा गया.

ब्रिटेन के लेखक इयान कैमरून ने एवरेस्ट की चढ़ाई को सबसे खराब प्रकार का साहसिक पूंजीवाद करार दिया है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक ट्वीट में ग्लेशियरों के जानकार और शोधकर्ता कैमरन ने कहा कि एवरेस्ट की चढ़ाई करना उनकी लिस्ट में है ही नहीं. उन्होंने लिखा, मैं फिट और सक्षम हूं और शायद एवरेस्ट पर चढ़ने का खर्च भी उठा सकता हूं लेकिन मेरी ऐसा करने की कोई इच्छा नहीं है.

वहीं, कुछ लोग एवरेस्ट की चढ़ाई को ईगो टूरिज्मकह रहे हैं. उनका कहना है कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि लोग इतनी ऊंचाई पर लंबी लाइनों में खड़े होने के लिए हजारों डॉलर खर्च करेंगे.

एवरेस्ट पर खराब दृश्यता और ऊंचाई पर रेस्क्यू अभियान के कारण बीते हफ्ते शिखर तक पहुंचने के लिए रस्सियों की लंबी कतार लग गई. इसी भीड़-भाड़ के बीच बीते मंगलवार को पहाड़ पर एक किनारा गिरने से छह पर्वतारोही गिर गए.आउटसाइड मैगजीन की एक रिपोर्ट के अनुसार, हिलेरी स्टेप के ठीक नीचे बर्फ की एक पतली परत खिसक गई, जिससे वे नीचे गिर पड़े. चार पर्वतारोहियों को तो रेस्क्यू कर लिया गया लेकिन दो लापता हैं और उनका कोई पता नहीं चल पाया है.

पिछले साल माउंटेन गाइड तेनजी शेरपा ने एवरेस्ट कैंप 2 पर पहुंचने के अपने अनुभव को बेहद खराब बताया था. उनका कहना था कि मैंने अब तक जितने भी कैंप देखे हैं, यह उन सब में सबसे गंदा कैंप था. उन्होंने नेपाली पर्यटन मंत्रालय से आह्वान किया कि ऊंचाई पर कूड़ा छोड़ आने वालों को सजा दी जाए.

# पहाड़ों की गोद में बसी धरती का स्वर्ग



प्रकृति के करीब जाते ही मन खुशनुमा हो जाता है। गमले में खिले एक फूल को देखते ही दिल को सुकून मिलने लगता है। अब जरा सोचिए आपको फूली की पूरी घाटी नज़र आए तो तन-मन को कितना अच्छा महसूस होगा। अगर आप फूलों के शौकीन है तो कभी फूलों की घाटी घूमने का प्लान बना लें। पहाड़ों की गोद में बसी ये घाटी दिखने में बेहद खूबसूरत लगती है। दूर-दूर तक सिर्फ आपको रंग-बिरंगे फूल दिखाई देंगे। ये जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं उत्तराखंड के चमोली की जहां फूलों की घाटी यानि च्फ्लावर ऑफ वैलीज् स्थित है। ये घाटी साल में 3-4 महीने के लिए ही खुलती है। जून से अक्टूबर तक यहां प्रकृति प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

आपको बता दें, फूलों की ये घाटी विश्व धरोहर स्थल की लिस्ट में भी शामिल है। अगर आपको किसी खूबसूरत सी जगह ट्रैकिंग करने का प्लान बनाना है तो उसके लिए फ्लावर ऑफ वैली अच्छी जगह हो सकती है। यहां आपको भरपूर शांति मिलेगी और आप प्रकृति का मजा भी ले पाएंगे।

फूलों की घाटी 87.5 वर्ग किमी में फैली हुई है। हर साल यहां दुनियाभर से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। करीब 500 से ज्यायादा फूलों की प्रजातियां इस फूलों की घाटी में मौजूद हैं। जिसमें कई विदेशी फूल भी शामिल हैं। इस घाटी की खोज वनस्पति शास्त्री फ्रेक सिडनी स्माइथ ने की थी। जब वो पर्वतारोहण से वापस लौट रहे थे तो रास्ता भूलकर फूलों की घाटी पहुंच गए थे। इस जन्नत जैसी खूबसूरत जगह को देखकर वो मंत्रमुग्ध हो उठे थे। फ्रेक एडिनेबरा बाटनिकल गार्डन ने 1937 में इस घाटी में आकर रुके और उन्होंने वैली और फ्लावर्स पर किताब लिखी। इस किताब में उन्होंने लिखा है कि घाटी में हर 15 दिन में फूलों का रंग बदलता हुआ नजर आता है।

1 जून से लेकर 31 अक्टूबर तक फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए खुली रहती है। अगर आपको चमोली की इस खूबसूरत जगह पर पहुंचना है तो बद्रीनाथ हाइवे से गोविंदघाट के लिए जाना होगा। यहां से 3 किमी सड़क यात्रा करके पुलना तक जाना है फिर 11 किमी पैदल ट्रेकिंग करके हेमकुंड यात्रा के बेस कैंप से होते हुए घाघरिया तक जाना होगा। यहां से 3 किलोमीटर दूर स्थित है फूलों की घाटी। यहां कोई दुकान नहीं हैं इसलिए आपको बेस कैंप घांघरिया से ही अपने जरूरी सामान खरीदकर ले जाने होंगे। भारतीयों को 150 रुपए और विदेशियों को 600 रुपए बतौर रजिस्ट्रेशन फीस देने होंगे।

# रोज जरूर खाएं एक चम्मच देसी घी

घी में हेल्दी फैट पाया जाता है जो हमारी सेहत के लिए अच्छा होता है. यह शरीर को ताकत देने के साथ ही कई लाभ पहुंचाता है और बीमारियों से बचाता है. घी का सेवन आपके पाचन को दुरुस्त रखता है. इसके अलावा यह त्वचा के लिए लाभकारी है. घी में विटामिन ए, विटामिन ई और विटामिन के भरपूर मात्रा में होते हैं. इसलिए हर किसी को इसका सेवन जरूर करना चाहिए. आइए जानते हैं कि घी को डाइट में शामिल करने के क्या-क्या फायदे होते हैं.

घी का सेवन करने से पेट को स्वस्थ रहता है क्योंकि इसमें जरूरी पोषक तत्वों और प्रोबायोटिक्स होते हैं जो पेट में हेल्दी बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं. घी विटामिन ए और ई का सोर्स होता है जो हेल्दी लिवर, संतुलित हार्मोन और प्रजनन क्षमता के लिए जरूरी है.

इम्यून सिस्टम होता है मजबूत

घी ब्यूटिरिक एसिड से भरपूर होता है जो शरीर को बीमारियों से लड़ने वाली टी सेल्स का उत्पादन करने में मदद करता है.

गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाए

घी में हेल्दी फैट होता है जो शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है. घी दूसरे तरह के फैट की तरह दिल की बीमारी का कारण नहीं बनता है. घी में ब्यूटिरिक एसिड होता है, जो कैंसर रोधी घटक है. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट इसे एंटी-इंफ्लेमेटरी बनाते हैं.

स्किन को रखे हाइड्रेटेड

घी स्किन के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है क्योंकि ये स्किन को पोषण देता है और हाइड्रेटेड रखता है. घी में पाए जाने वाले पोषक तत्व स्किन को टाइट रखते हैं और उम्र के निशान कम करते हैं.

बालों के लिए असरदार

क्योंकि घी में विटामिन ई होता है जो बालों के लिए शानदार है.

यह बालों को अंदर से मजबूत बनाता है और उसे पोषण देता है. बालों को मजबूती देने के लिए कई लोग घी भी बालों में लगाते हैं.

# गर्मियों में ऐसे लगाएंगे सनस्क्रीन तो नहीं होगी टैनिंग...



अधिकतर लोग अपानाते हैं गलत तरीका

देश के कई इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने लगी है और ऐसे में लोग घरों से बाहर निकलने से भी बच रहे हैं. चुभन वाली धूप और गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल है. अब ऐसे में जिन लोगों को काम पर जाना है, वे लोग सनस्क्रीन लगाकर बाहर निकलते हैं ताकि टैनिंग से बचा जा सके. इसके अलावा सनस्क्रीन आपकी त्वचा को त्वचा कैंसर, सनबर्न और समय से पहले बूढ़ा होने से बचाने में मदद कर सकती है. हालांकि, प्रभावी होने के लिए इसे सही ढंग से लागाने की भी जरूरत होती है ताकि आपको अच्छी सेफ्टी मिल सके. अमेरिकन सोसायटी ऑफ डर्मेटोलॉजी ने सनस्क्रीन लगाने का सही तरीका बताया है जिसे आप भी जान लीजिए.

अमेरिकन सोसायटी ऑफ डर्मेटोलॉजी का कहना है कि हमेशा ऐसी सनस्क्रीन चुनें जो स्क्रस्न 30 या उससे अधिक हो. उसे वॉटर रेजिस्टेंस और ब्रॉड-स्पेक्ट्रम (यूवीए और यूवीबी किरणें) से कवरेज प्रदान करती हो. जब सनस्क्रीन में आयरन ऑक्साइड होता है तो आप अपनी त्वचा पर काले धब्बे होने से बचा सकते हैं क्योंकि आयरन ऑक्साइड आपकी त्वचा को सूरज की रोशनी से बचाता है और निशान नहीं पड़ते.

आपकी त्वचा को सनस्क्रीन को अवशोषित करने और आपको कवरेज देने में लगभग 15 मिनट का समय लग सकता है इसलिए आप सनस्क्रीन लगाने के लिए पर्याप्त समय दें और लगाने के 15 मिनट बाद ही धूप में बाहर जाएं. नहीं तो आपकी स्किन टैन हो सकती है.

अधिकांश वयस्कों को अपने शरीर को पूरी तरह से ढकने के लिए लगभग 28 ग्राम सनस्क्रीन की जरूरत होती है. सनस्क्रीन को अपनी त्वचा पर अच्छी तरह से रगड़ें और फिर सूखने दें. इसलिए लगाने में कंजूसी न करें, नहीं तो पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिलेगी.

अक्सर महिलाएं सिर्फ फेस और गर्दन पर सनस्क्रीन लगा लेती हैं लेकिन ऐसा करना गलत होता है. बल्कि आपको जो भी स्किन कपड़े से कवर नहीं है, आपको हर उस जगह यानी गर्दन, चेहरा, कान, पैरों के ऊपरी हिस्से और पैरों पर भी सनस्क्रीन लगाना चाहिए. अगर महिलाएं डीप नेक या बैक वाली ड्रेस पहनती हैं तो उस जगह पर भी सनस्क्रीन लगाना न भूलें. अपने होठों की सुरक्षा के लिए कम से कम 30 एसपीएफ वाला लिप बाम लगाएं.

अगर आप धूप में ही हैं तो हर दो घंटे में और स्विमिंग या पसीना आने के तुरंत बाद सनस्क्रीन दोबारा लगाएं. जिनकी स्किन टैन हो जाती है वे लोग आम तौर पर दोबारा सनस्क्रीन नहीं लगाते, बहुत कम सनस्क्रीन लगाते हैं या उनकी सनस्क्रीन खत्म हो चुकी होती है.

जब भी आप बाहर जाते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की हानिकारक यूवी किरणों के संपर्क में आती है, यहां तक कि बादल वाले दिनों में और सर्दियों में भी. इसलिए चाहे आप छुट्टियों पर हों या आसपास कहीं जा रहे हों, सनस्क्रीन का उपयोग करना याद रखें.

# एडमिशन से पहले इन महत्वपूर्ण बातों का रखें ध्यान



देशभर में बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी किया जाना शुरू हो गया है। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्रों को सबसे बड़ी समस्या एक ऐसे कॉलेज की तलाश करने की होती है जिसमें पढ़ाई करके उसके बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। आपकी इसी समस्या के लिए हम कुछ टिप्स यहां दे रहे हैं जिनको फॉलो करके आपको कॉलेज ढूंढ़ने में सहायता प्राप्त होगी।

देशभर में बोर्ड परीक्षाओं के संपन्न होने के बाद अब रिजल्ट की बारी है। बिहार बोर्ड की ओर से तो रिजल्ट घोषित भी किया जा चुका है।

परिणाम जारी होने के बाद छात्रों एवं उनके अविभावकों को सबसे बड़ी चिंता रहती है उनके बच्चे को किसी ऐसे कॉलेज में प्रवेश मिल सके जिससे उसके बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके और वह अपनी लाइफ में कुछ अच्छा हासिल कर सके।

अगर आप भी किसी कॉलेज में प्रवेश लेने जा रहे हैं तो कुछ बातों को अवश्य चेक कर लें, इससे आपको उस कॉलेज के बारे में जानकारी होगी। उसके बाद वह कॉलेज आपकी उम्मीदों पर खरा उतरता है तो आप उसमें प्रवेश ले सकते हैं।

एडमिशन लेने से पहले छात्र और अविभावक कॉलेज की मान्यता आदि की जांच अवश्य कर लें। समय-समय पर यूजीसी की ओर से निर्धारित पात्रताएं पूरी न करने पर यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज की मान्यता रद्द होती रहती है। ऐसे में सबसे आवश्यक है आप अपनी पढ़ाई ऐसे कॉलेज से पूरी करें जिसकी मान्यता हर जगह हो।

**प्लेसमेंट का भी रखें ध्यान**

आजकल बहुत से ऐसे कॉलेज होते हैं जो पढ़ाई पूरी करने के साथ ही प्लेसमेंट भी देते हैं। अगर आपको किसी ऐसे कॉलेज में एडमिशन मिल जाता है तो पढ़ाई खत्म करने के साथ ही आपको जॉब ऑफर भी मिल सकता है।

लोकेशन करें चेक

कॉलेज में एडमिशन लेने से पहले लोकेशन अवश्य चेक कर लें जिससे कि आपको आने-जाने में सहूलियत हो। अगर प्रतिदिन कॉलेज जाने में आपका पूरा दिन खराब हो तो इसमें समय की बर्बादी होगी जिससे आप पढ़ाई को अच्छे से नहीं कर सकेंगे।

इसके अलावा आप अधिक जानकारी के लिए कॉलेज/कैंपस में भी जा सकते हैं। वहां जाकर आप फीस, कोर्स के साथ ही अन्य जानकारी भी हासिल कर सकेंगे। अगर आप अच्छे जगह से पढ़ाई करेंगे तो अवश्य ही या आपके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायक होगा।

# समुद्र में एलियन महामारी...वैज्ञानिकों ने कहा इसे रोकने का कोई तरीका नहीं



समुद्री अर्चिन एक तरह का जीव है जो समुद्र के नाजुक इकोसिस्टम को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है. काले रंग का गोल और कांटेदार ये जीव समुद्र की गहराइयों में पाया जाता है.

दुनिया का एक तिहाई हिस्सा समुद्र से घिरा हुआ है. ऐसे में अगर समुद्र में कोई ऐसी बीमारी फैलती है, जिसका इलाज वैज्ञानिकों के पास ना हो तो ये बात डराने वाली है. खासतौर से उन लोगों के लिए जिनका पूरा जीवन समुद्र पर ही निर्भर है. समुद्री अर्चिन ऐसी ही एक महामारी है, जो अब लाल सागर से आगे निकल कर हिंद महासागर में अपने पांव पसार रही है.

**क्या है ये महामारी ?**

इजरायल के तेल अवीव यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स की करंट बायोलॉजी जर्नल में एक स्टडी छपी है. इस स्टडी में बताया गया है कि कैसे समुद्र एक भयानक महामारी की चपेट में है. इस महामारी का नाम है आर्चिन महामारी, जो अब लाल सागर से फैलते हुए पश्चिमी हिंद महासागर में अपने पांव पसार रही है. इस महामारी की वजह से लाल सागर में समुद्री अर्चिन लगभग खत्म हो गए हैं. वैज्ञानिकों को डर है कि ये महामारी अब हिंद महासागर में भी फैल जाएगी और इससे इंसानों के जीवन पर भी गंभीर संकट खड़ा हो सकता है.

**समुद्री अर्चिन है क्या ?**

समुद्री अर्चिन एक तरह का जीव है जो समुद्र के नाजुक इकोसिस्टम को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है. काले रंग का गोल और कांटेदार ये जीव समुद्र की गहराइयों में पाया जाता है. इस जीव का मुख्य काम कोरल रीफ को बचाए रखना होता है. अगर ये जीव समुद्र से पूरी तरह खत्म हो गए तो कोरल रीफ पर भी खतरा आ जाएगा और फिर ऐसे में इंसानों पर इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल सकता है.

**महामारी का इलाज नहीं**

शोधकर्ताओं की मानें तो पहली बार ये महामारी लगभग एक साल पहले अकाबा की खाड़ी में देखी गई थी. पता लगने के दो हफ्तों के भीतर ये महामारी 70 किलोमीटर तक फैल गई. वैज्ञानिकों की मानें तो कोई अर्चिन जब इसका शिकार होता है तो कुछ ही दिनों में वह कंकाल में बदल जाता है. शोधकर्ताओं के पास फिलहाल इस बीमारी से बचने का कोई तरीका नहीं है.

# डाक्टरों व स्टाफ नर्सो का अभाव झेल रहे मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में क्रिटिकल केयर यूनिट का हो रहा निर्माण

## व्यवस्था का रोना रो रहे हास्पिटल में मंडरा रहा मान्यता का खतरा, आज सीसीयु के सम्बंध में होगी बैठक

राजनांदगांव (दावा)। व्यवस्था सम्बंधी अभाव को झेल रहे मेडिकल कालेज हास्पिटल पेंड्री से डाक्टरों के छोड़-छोड़कर भागे जाने से यहां डाक्टरों की कमी बनी हुई है। इसी तरह स्टाफ नर्सों की कमी भी यहां मुंहबाए खड़ा है। 200 पोस्ट नर्सों की है लेकिन मात्र 50 नर्सों से काम चलाया जा रहा है। हास्पिटल में आधुनिक मशीने है लेकिन उसे चलाने वाला आपरेटर नहीं है। मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में सिटी स्कैन व एमआईआर की सुविधा नहीं होने से मरीजों को बाहर से पैसे खर्च कर यह सब करानी पड़ रही है।

इस तरह के अभावों में जूझ रहे मेडिकल कालेज हास्पिटल में क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की तैयारी की जा रही है। दिक्कत की बात यह कि इस यूनिट के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर कहा से लाएंगे। इसका कोई अता-पता नजर नहीं आ रहा। जानने में आ रहा है कि इस सम्बंध में आज मंगलवार को डीन सहित सुपरिटेंडेन व अन्य डॉक्टरों की बैठक होनी है। बताते चले कि गत दिनों मेडिकल कालेज हास्पिटल सहित जिला चिकित्सालय में उपरोक्त असुविधाएं को लेकर




स्वास्थ्य सचिव की रायपुर में मेडिकल कालेज के अफसर सीएमएचओ सुपरिटेडेन आदि की बैठक हुई थी। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव द्वारा इन दोनों हास्पिटल की मेडिकल सुविधा और कार्यो की समीक्षा कर अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए थे। यही नहीं स्वास्थ्य सचिव ने यहां मरीजों को मिल रहे इलाज व अन्य सुविधाओं के सन्दर्भ में प्रेजेन्टेशन रिपोर्ट को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। इसी तरह इन दोनों हास्पिटल में डाक्टरों की कमी व साल भर में 20 डाक्टरों के छोड़-छोड़कर चले जाने से उपजी समस्या व कमियों को लेकर क्षेत्र के विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष ने चिंता व्यक्त की है तथा इस संदर्भ में आज 11 जून को बैठक बुलाई गई है।

अब देखना यह है कि इन बैठकों के बाद शहर के बाद शहर के दोनों हास्पिटलों की व्यवस्था सुधरती है अथवा नहीं? वैसे बता दे कि उपरोक्त चिकित्सा सम्बंधी अभाव व ओपीडी में मरीजों की घटती संख्या देखकर मेडिकल कालेज हास्पिटल की मान्यता पर खतरे का तलवार लटकने लगा है।

### क्रिटिकल केयर यूनिट

बता दे कि मेडिकल कॉलेज हास्पिटल के ठीक सामने पार्किंग वाले स्थल पर उक्त क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण हो रहा है। जिसके फर्स्ट फ्लोर का बेस तैयार किया जा चुका है। बताया जाता है कि कोरोना महामारी के समय मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में आने वाले गंभीर मरीजों की विशेष चिकित्सा के लिए क्रिटिकल केयर युनिट बनाए जाने का प्रस्ताव हुआ था। वह अब जाकर निर्माण कार्य के रूप में सामने आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त यूनिट के संचालन के लिए जो विशेष अत्याधुनिक मशीने व विशेषज्ञ डॉक्टरों की आवश्यकता होगी। उसकी व्यवस्था कैसी होगी इसके लिए आज मंगलवार 11 जून को बैठक रखी गई है। जानने में आ रहे है कि सीसीयु के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर महाराष्ट्र से लाए जाएंगे। बहरहाल मेडिकल कालेज हास्पिटल में गंभीर मरीजों को स्पेशल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हास्पिटल परिसर ने ही क्रिटिकल केयर यूनिट की व्यवस्था किए जाने हेतु कंट्रक्शन का कार्य शुरू हो गया। डॉक्टरों से लेकर स्टॉफ नर्सो व अन्य चिकित्सीय सुविधा का अभाव झेल रहे मेडिकल कालेज हास्पिटल में क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किए जाने पर लोगों का उगंलिया उठने लगी है।

> मेडिकल कॉलेज हास्पिटल के ठीक सामने सीसीयू के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गयाा है।
> **- श्रीमती रेणुका गहन (डीन) मेडिकल कालेज हास्पीटल पेंड्री राजनांदगांव**

# शहीदी दिवस पर शीतल शर्बत का वितरण



राजनांदगांव (दावा)। श्री गुरु सिंघ सभा गुरुद्वारा में सिख समाज के द्वारा सोमवार को पांचवे गुरु अरजन देव जी का पावन शहीदी दिवस अवसर पर लोगों में ठंडा शर्बत व चने के प्रसाद का वितरण किया गया।

भूतपूर्व सैनिक गुरुमुख सिंह भाटिया ने बताया कि इसके पूर्व जहाँ साध संगत ने गुरु घर में शबद गायन का आनंद लिया तत्पश्चात ठन्डे मीठे शरबत और चने का प्रसाद एवं लंगर की सेवा की गई, जिसमें सभी शहरवासियों ने आनंद लिया था।




# महापौर ने ली विभागीय प्रमुखों की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन के लिये जारी आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में विभागीय प्रमुखों की बैठक लेकर स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ करने के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसे आवश्यक सुविधा संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये।

महापौर श्रीमती देशमुख ने बैठक में विभागीय प्रमुखों से कहा कि कुछ ही दिनों में बारिश आ जायेगी, साथ ही वर्ष के अंत में नगरीय निकाय चुनाव होगा जिसे ध्यान में रखते हुये सभी स्वीकृत कार्य प्रक्रिया कर जल्द प्रारंभ कराये, चालू कार्य समय सीमा में पूर्ण कराये। उन्होंने आयुक्त श्री गुप्ता से कहा कि योजना के कार्य राज्य प्रवर्तित योजना, सांसद विधायक निधि, महापौर, पार्षद निधि के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय में करावे, जिन कार्यो की निविदा जारी हो चुकी है, उन कार्यो की शेष प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कराये। जिनकी निविदा नहीं हुई है, उसकी निविदा जारी करें, वार्डो के स्वीकृत कार्य तथा डामरीकरण, पेचवर्क के शेष कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण करावे। मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यो में तेजी लावे, मोहारा पुन्नी मेला स्थल, सामाजिक भवन निर्माण सहित अन्य कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करावे, ताकि उसका लाभ समाज व संबंधितों को मिल सके। जिन

**स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ कराने, बारिश पूर्व बड़े नालो की सफाई कराने तथा शासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के दिये निर्देश**



ठेकेदारों के द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, उन्हें नोटिस देवें।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बारिश के पूर्व सभी नाली नालो की अच्छे से सफाई करावे। इंदिरा नगर नाला, बसंतपुर जिला चिकित्सालय के पास के नालो की जे.सी.बी. के माध्यम से पूरी तरह सफाई करावे, बड़ी तादाद में झिल्ली पन्नी फंसने रोकने यथासंभव जाली लगावे। पानी भरान वाले क्षेत्रों के नाली नालो की अच्छी तरह से सफाई करावे, बरसाती पानी निकासी का उचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करें, वार्ड प्रभारी, सफाई दरोगा एवं स्वच्छता निरीक्षक प्रतिदिन मानिटरिंग करें। महापौर श्रीमती देशमुख ने विद्युत प्रभारी को वर्षा ऋतु के पूर्व शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर की सभी लाईटे सुधार करें, जहाँ लाईट खराब की शिकायत प्राप्त हो रही है, वहा प्राथमिकता से सुधार कार्य करें। उन्होंने जल प्रभारी से कहा कि कम पानी व गंदे पानी आने की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें, जिन क्षेत्रों में अमृत मिशन से संबंधित कार्य शेष है, उसे जल्द पूर्ण कराये, जिन घरों में नल कनेक्शन नहीं हुआ है वहां विधिवत कनेक्शन देवे। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो की प्रगति की जानकारी लेकर हितग्राहियों के खाते में समय में पैसा डालने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि चूँकि आचार संहिता खत्म हो चुकी है, अतः नये आवेदन जमा करावे, प्राप्त आवेदनों की जॉच कर लाटरी के माध्यम से नियमानुसार आवास का आबंटन करें। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने राजस्व वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर शासन लक्ष्य के अनुरूप माहवार राजस्व वसूली करने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि नवनिर्मित मकानों, नये नल कनेक्शन के आधार पर डिमाण्ड तैयार कर सम्पत्तिकर जलकर वसूले तथा दुकान किराया की नियमित वसूली करें, लम्बे समय से बकाया दुकान किराया पर दुकानदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने राशन कार्ड के संबंध में कहा कि राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने हटाने संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें, इसके अलावा राशन कार्ड के लिये दिये जा रहे आवेदन लेकर राशन कार्ड बनाने विधिवत प्रक्रिया करें। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रकरणों को भी शीघ्रता से पूर्ण करें, ताकि हितग्राहियों को लाभ मिल सकें।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करें, पार्षदों एवं नागरिकों द्वारा बताये गये कार्य एवं समस्या का त्वरित निराकरण करें। बैठक में प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रवक्ता का बयान थोथा चना बाजे घना- अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कांग्रेस के प्रवक्ता द्वारा पूर्व एवं वर्तमान सांसद की निष्क्रियता एवं मेडिकल कॉलेज और दिग्विजय स्टेडियम के अपूर्ण रहने की स्थिति में उद्घाटन करने को लेकर उठाए गए सवाल को थोथा चना बाजे घना कहा है।

श्री चौधरी ने कांग्रेस के उक्त प्रवक्ता को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राजनांदगांव के साथ अन्याय हो रहा था तब यही कांग्रेसी चूप रहे। जबकि राजनांदगांव की जनता ने पिछले चुनाव में जब कांग्रेस की शासन बनी थी उस समय भी डॉ. रमन को जीताकर उनके किए गए कार्यों का समर्थन किया था। शहर का दिग्विजय स्टेडियम जिसे छत्तीसगढ़ के शानदार स्टेडियम में देखा जाता है उसे खंडहर कहकर राजनांदगांव के विकास को झुठलाने का काम कांग्रेस प्रवक्ता कर रहे हैं। वास्तव में मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा के लिए और दिग्विजय स्टेडियम की आज की स्थिति के लिए पूर्ववर्ती भूपेश सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेदार है।

श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार का विकास से कोई लेना-देना नहीं है। छत्तीसगढ़ के पूरे प्रदेश में सड़कों की दयनीय स्थिति भूपेश सरकार की देन है। 400 करोड़ के मेडिकल कॉलेज को दुर्दशा की ओर ले जाने वाला कांग्रेस की भूपेश सरकार ही है। जब कांग्रेस की सरकार थी राजनांदगांव के इसी प्रवक्ता एवं राजनांदगांव के कांग्रेसी नेता के मुंह में दही जमा हुआ था एक बार भी राजनांदगांव के विकास के लिए इनका मुंह नहीं खुला। जब राजनांदगांव से प्रदेश स्तरीय कार्यालय रायपुर और दुर्ग स्थानांतरित किया जा रहा था, तब यह नेता सोए हुए थे। यदि मेडिकल कॉलेज और दिग्विजय स्टेडियम में कुछ कमी थी तो उसको दुरुस्त करने का दायित्व तत्कालीन कांग्रेस सरकार की थी, लेकिन राजनांदगांव को खंडहर बना दो, कहने वाले भ्रष्टाचारी व सट्टेबाज भूपेश बघेल को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के जनता ने उनकी गलतियों के लिए उनके सहित स्थानीय कांग्रेसी नेताओं के मुंह पर कालिख पोत दिया है। अब सब ओर से लूटे-पीटे कांग्रेस के प्रवक्ता विधवा प्रलाप कर रहे हैं।

# मिस्टर यूनिवर्स आफ इंडिया 2024 सीजन 4 के विजेता बने संस्कारधानी के भौमिक मेश्राम



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों 28 मई को देश की राजधानी दिल्ली के पांच सितारा होटल मेपल बोर्ड रेडिएशन ब्लू में एक आयोजन हुआ जिसकी आयोजक रही मिस वर्षा पांडे, सेलिब्रिटी गेस्ट रही एलेना टुटेजा बॉलीवुड कलाकार के द्वारा शो का आयोजन किया गया, जिसका नाम था मिस्टर एंड मिस यूनिवर्स यूनिवर्सिटी आफ इंडिया सीजन 4 जिसमें भारत देश से आए प्रतिभागियों को अपना शानदार प्रदर्शन किया एवं सभी प्रतिभागियों को आयोजनकर्ता की तरफ से सम्मानित किया गया, जिसमें हमारे छत्तीसगढ़ की ओर से संस्कारधानी राजनांदगांव के भौमिक मेश्राम ने हिस्सा लिया। जिन्होंने हमारे जिले के साथ-साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाया और मिस्टर एंड मिस यूनिवर्स ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन पर उनके माता-पिता परिवारजन ईष्ट मित्रों सहित जिलेवासियों एवं प्रदेशवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। भौमिक मेश्राम इसके पहले 2023 में मिस्टर जिला और फिर मिस्टर छत्तीसगढ़ का खिताब भी जीता था एक वर्ष के अंतराल में तीन-तीन किताब उन्होंने अपने नाम किया तो बहुत बड़ी उपलब्धि है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उनकी छत्तीसगढ़ी वेशभूषा को पूरे भारत के लोगों के सामने जब प्रस्तुत किया गया, सभी लोगों ने उन्हें बधाइयां दी एवं सभी ने उन्हें बहुत पसंद किया उनके एक उपलब्धि पर हम सभी की ओर से हमारे जिले के भौमिक मेश्राम को बहुत-बहुत बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं यह जानकारी भौमिक मेश्राम के पिता हरिशंकर मेश्राम ने दिया।

# योग स्वास्थ्य लाभ के लिए ही नहीं अपितु, आध्यात्मिक प्रगति का भी सशक्त माध्यम है- संजय अग्रवाल



**कलेक्टर श्री अग्रवाल ने की बाल योग शिविर में शिरकत**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी का सबसे पुराना सत्यानंद आश्रम (जी.ई. रोड) में योग का प्रशिक्षण निरंतर संपादित होता है। उक्त आश्रम में ग्रीष्मकालीन बाल योग शिविर का आयोजन 3 जून से प्रारम्भ किया गया था जहां बच्चों के सर्वागींण विकास के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शनिवार 8 जून को कलेक्टर संजय अग्रवाल के आतिथ्य में उक्त प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का समापन किया गया। सत्यानंद योग आश्रम के प्रभारी स्वामी शंभूनाथजी के उद्बोधन से प्रारंभ हुए उक्त शिविर में उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम निश्चित रूप से कुंडली जागरण और आध्यात्मिक चेतना के उत्कृष्ट आयामों को पाने का प्राचीन साधन है। हजारों वर्षों से योग की साधना और पद्धति को अपने आध्यात्मिक चेतना और स्वास्थ्य के बेहतर निर्माण की दृष्टिकोण में किए जाने वाली विद्या है। प्राचीन ग्रंथों में योग और प्राणायाम का उल्लेख मिलता है। बेहतर मनुष्य के जीवन के लिए और सुख शांति और समृद्धि के लिए योग की प्राचीन परंपराओं के साथ प्राणायाम का नियमित करना आवश्यक है। बच्चों को उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण और जो शिक्षा आप लोगों ने पाई है उसे नियमित अभ्यास के माध्यम से करते रहना चाहिए।

### योग से आध्यात्मिक उन्नति

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपने संस्मरणों को याद करते हुए कहा कि जब जिले मे एसडीएम के पद पर थे उस वक्त योग के प्रशिक्षण मे नियमित अभ्यास के लिए आश्रम मे आते रहे हैं। योग से स्वास्थ तो बेहतर होता ही है वैसे ही आध्यात्मिक उन्नति भी होती है।

बच्चों की एकाग्रता बढ़ती है और अन्य बच्चों से कहीं ज्यादा सकारात्मक ऊर्जा का संचय होता है जिसका उपयोग पढ़ाई और प्रतियोगिता में तो होता ही है बल्कि अवसादों को दूर करने में ज्यादा कारगर होता है। नियमित अभ्यास करते रहे ताकि उसका लाभ लेकर राष्ट्र की सेवा कर सकने मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए नियमित साप्ताहिक हवन का कार्यक्रम भी हुआ और मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों को पुरुस्कार का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में योग से जुड़े और संस्था से जुड़े बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

# खनिज के अवैध परिवहन एवं उत्खनन करने वालों के विरुद्ध की जा रही लगातार कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध परिवहन एवं उत्खनन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक खनिज अमला द्वारा जांच कर खनिज के अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 13 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें वाहन, खनिज रेत के 6 प्रकरण, खनिज-मुरूम के 4 प्रकरण, खनिज ईंट मिट्टी के 1 प्रकरण, खनिज चूना पत्थर के 2 प्रकरण शामिल है।

10 प्रकरणों में 2 लाख 36 हजार 24 रूपए अर्थदण्ड वसूला गया है तथा शेष 3 प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह खनिज के अवैध उत्खनन करते हुए खनिज मुरूम के 2 प्रकरण, खनिज मिट्टी के 1 प्रकरण दर्ज किया गया है तथा 2 लाख 28 हजार 200 रूपए अर्थदण्ड वसूला गया है।

आवश्यकता है
रात्रिकालिन चौकीदार की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

# किसानी कार्य में पशुधन के उपयोग के लिए शहर से निकलने जा रही बैलगाड़ी यात्रा

**○ बैलगाड़ी खीचते हुए 8 जिलों की यात्रा करेगा शहर का युवक**
**○ यात्रा मार्ग में 6000 पेड़ लगाने का संकल्प**



राजनांदगांव (दावा)। खेती-किसानी के कार्य में पशुधन की ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता हो इस भावना को लेकर शहर के एक युवक यश सोनी बैलगाड़ी यात्रा निकालने जा रहा है। उन्होंने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि वर्तमान में किसानी कार्य मे बैलों का अधिकाधिक उपयोग न होना व विलुप्त होती बैलगाड़ी को बचाने के लिए वह गुरुवार 13 जून की सुबह से बैलगाड़ी यात्रा पर निकल रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं बैलगाड़ी को अपने शरीर से खींचते हुए चलेंगे। इस दौरान 8 जिला का भ्रमण कर वे 6000 पेड़ लगाएंगे और लोगों को पर्यावरण के लिए भी जागरूक करेंगे।

उनका कहना है कि भूतकाल में जानवरों के साथ बहुत कड़ा व्यवहार व शोषण होता था। जानवरों के ऊपर किए जाने वाले व्यवहार को स्वयं अपने आप को जानवर की जगह रखकर महसूस कर पाऊँगा और गाँवों वालों को बैलगाड़ी परम्परा को वापस कर पुर्नजीवित करने के लिए निवेदन करुंगा।

उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया है कि जब तक पशुधन का उपयोग नहीं होगा जैसे की गाय, बैल, भैंस, सान्ड आदि का मान सम्मान व खेती कार्य मे उपयोग नही होगा? ये हमेशा सड़कों पर बैठे हादसों का शिकार होते रहेंगे। इसलिए इन पशुधन को बचाया जाना व इनकी सुरक्षा किया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गाँव हो या अन्य स्थानों पर अंधाधुंध पेड़ों को काटा जा रहा है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने और शुद्ध हवा की प्राप्ति के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है। धरती का तापमान 52 डिग्री पहुँच चुका है। इससे बचने गाँव वालों को जागरूक व निवेदन करते हुए प्रत्येक जिले के 10 गांव में पेड़ लगाते हुए वे चलेंगे।

उन्होंने बताया कि गांव में कम से कम 100 पेड़ लगाने का टारगेट रहेगा और गांव वालों को इसकी जिम्मेदारी भी सौंपेंगे। जितने भी अधिकार, विधायक व सरपंच आदि मिलेंगे वे सबसे सहमति लेकर अपने कार्य को आगे बढ़ाते चलेंगे। अंतिम पड़ाव में रायपुर पहुँचने पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने की मंशा जताई है। गुरुवार की सुबह उनकी बैलगाड़ी यात्रा मानव मंदिर चौक से निकलेगी और खैरागढ़, कवर्धा, बेमेतरा दुर्ग होते हुए रायपुर जाकर यात्रा की समाप्ति होगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के लिए समाजसेवी जनों व प्रशासन का साथ व सहयोग मिल रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com